इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## 4 साल में 7वीं बार मिले पीएम मोदी और मेलोनी, रक्षा से लेकर एआई समेत कई रणनीतिक मुद्दों पर बनी सहमति

नई दिल्ली। दो दिवसीय इटली दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साझा बयान में कहा कि पिछले लगभग साढ़े 3 सालों में मुझे कई बार प्रधानमंत्री मेलोनी से मिलने का मौका मिला है। यह भारत और इटली के बीच करीबी सहयोग और सामंजस्य को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में हमारे संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हम अपने संबंधों को अपग्रेड करते हुए स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा कर रहे हैं। आज की बैठक में हमने हमारी भावी साझेदारी को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की। भारत-इटली ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान 2025-2029 हमारी साझेदारी को एक व्यवहारिक और फ्यूचरिस्टिक ढांचा प्रदान करता है। हम इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

### डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली एंड डिलीवर फॉर वर्ल्ड

प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली विश्व में डिजाइन और सटीकता के लिए जाना जाता है। भारत की पहचान स्केल, टेलेंट और अफोर्डेवल इनोवेशन के पावर हाउस की है।



इसलिए हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली एंड डिलीवर फॉर वर्ल्ड सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे।

### भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी स्वाभाविक है - पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। हमारे डिफेंस इंडस्ट्रीयल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडेक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। समुद्री शक्तियों के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, पोर्ट मॉर्डनाइजेशन, लॉजिस्टिक्स और ब्लू इकोनॉमी पर काम करेंगे।

### इंडो-मेडिटेरेनियन कॉरिडोर और आईएमईसी पर हुआ विशेष करार

रोम पहुंचते ही प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी इस यात्रा का मुख्य एजेंडा देश और दुनिया के सामने रखा। पीएम मोदी ने बताया कि इस दौरे के दौरान भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय सहयोग को कैसे और अधिक मजबूत किया जाए, मुख्य रूप से इसी पर फोकस रहेगा। वार्ता के दौरान 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर और इंडो-मेडिटेरेनियन कॉरिडोर' की अवधारणा को औपचारिक रूप देने पर खास ध्यान दिया गया। इस विशाल कॉरिडोर का मुख्य मकसद हिंद महासागर से लेकर सीधे यूरोप तक एक बेहद सुरक्षित समुद्री व्यापारिक मार्ग और मजबूत रणनीतिक कनेक्टिविटी का नेटवर्क तैयार करना है, जिससे दोनों देशों के व्यापार को भारी गति मिलेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को गिफ्ट की मेलोडी टॉफी; इटली की प्रधानमंत्री ने कहा- थैंक यू!

नई दिल्ली। इटली के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को एक बेहद अनोखा और मीठा सरप्राइज दिया है। पीएम मोदी ने जॉर्जिया मेलोनी को भारत की मशहूर मेलोडी टॉफी गिफ्ट की है। इस खास और सादगी भरे तोहफे की चर्चा अब चारों तरफ हो रही है। इस मीठे तोहफे के लिए इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पल का एक वीडियो पोस्ट किया। मेलोनी ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा- इस गिफ्ट के लिए आपका धन्यवाद।



### सोशल मीडिया पर बढ़ा मेलोडी का क्रेज

जॉर्जिया मेलोनी के इस पोस्ट को शेयर करते ही इंटरनेट पर मेलोडी चॉकलेट को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है। लोग इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं और मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह गिफ्ट दोनों नेताओं की मजबूत दोस्ती को दिखाता है। दोनों नेताओं ने ग्लोबल समिट्स और डिप्लोमैटिक मीटिंग्स के दौरान अक्सर एक साथ फोटो और वीडियो शेयर किए हैं, और अक्सर अपनी दोस्ती को लेकर ऑनलाइन चर्चा में रहते हैं। पारले की मशहूर मेलोडी टॉफी 1983 में आई थी। पारले प्रोडक्ट्स द्वारा बनाई गई, इसमें डुअल-लेयर डिजाइन है - बाहर से चबाने वाला कैरामल रंग और बीच में रिच, पिघला हुआ चॉकलेट। पार्ले भारत की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी फूड और बेवरेज कंपनियों में से एक है, जिसे 1929 में चौहान परिवार ने मुंबई के विले पार्ले में शुरू किया था। इससे पहले, मेलोनी ने पीएम मोदी को डिनर पर होस्ट किया और भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के मकसद से अपनी फॉर्मल बातचीत से पहले मशहूर कोलोसियम के दौरे पर उनके साथ गईं। पीएम मोदी 15-20 मई तक अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी हिस्से में मंगलवार को इटली पहुंचे। इससे पहले वे यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे गए थे।

## अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास: ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए।



### राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी।

अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

### विपक्ष बोला- युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास हो

यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



**रायपुर (दावा)। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज रायपुर स्थित स्पीकर हाउस निवास कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों, दोनों राज्यों के विकास, सुशासन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ।**

## रायबरेली में राहुल गांधी का विवादित बयान, पीएम मोदी और अमित शाह को कहा गद्दार

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक बयान ने देश की राजनीति में नया भूचाल ला दिया है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बेहद आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणी की। उन्होंने दोनों शीर्ष नेताओं को देश के खिलाफ काम करने वाला बताया।



### बीजेपी का तीखा पलटवार

राहुल गांधी ने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि जब भी बीजेपी या आरएसएस के लोग आपके सामने आएं, तो उनसे खुलकर कहें कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देश के हितों को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों ने मिलकर देश को बेचने का काम किया है। साथ ही बीजेपी और आरएसएस पर संविधान, वीरा पासी, महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों पर हमला करने का आरोप भी मढ़ा।

### महंगाई और बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी

अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने देश के आर्थिक हालातों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इससे आम जनता पर भारी आर्थिक दबाव है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह जनता की इन दिक्कतों को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस नेता ने देश में एक बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी भी दी। उन्होंने दावा किया कि देश में एक बड़ा आर्थिक तूफान आ चुका है। अगले तीन-चार महीनों में लोगों को ऐसी भयंकर महंगाई देखने को मिलेगी, जो पहले कभी नहीं देखी गई। आने वाले दिनों में गैस, धान और तेल की कीमतें आसमान छूने वाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने देश का आर्थिक ढांचा बड़े उद्योगपतियों और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट क्लीन की तैयारी : फर्जी टेलीग्राम चैनलों पर शिकंजा, धर्मेंद्र प्रधान ने Meta-Google और Telegram से की बात



नई दिल्ली। मेडिकल के स्नातक कोर्सों में दाखिले से जुड़ी नीट-यूजी (नेशनल एलिजविलटी कम एंट्रेस टेस्ट) की 21 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने के लिए केंद्रीय सुरक्षा और इंटेलीजेंस एजेंसियां भी इस बार मोर्चा संभालेंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को परीक्षा से जुड़े सुरक्षा इंतजामों को लेकर केंद्रीय सुरक्षा व इंटेलीजेंस एजेंसियों के अधिकारियों के साथ चर्चा की है।

इस दौरान एनटीए के भी आला अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले तीन मई को आयोजित हुई नीट-यूजी की परीक्षा को पेपर लीक होने के चलते रद कर दिया गया था। साथ ही इस परीक्षा को दोबारा कराने का ऐलान किया गया था।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि परीक्षा को सुरक्षित व निष्पक्ष तरीके से कराने के साथ ही छात्रों को गुमराह होने से बचाना और लोगों के भरोसे को बनाए रखना सरकार की बड़ी प्राथमिकता है। शिक्षा मंत्री ने एनटीए परीक्षा से जुड़ी कमियों को हर समय रहते खोजने और उसके उपाय करने के निर्देश भी दिए। प्रधान ने इस दौरान इंटरनेट मीडिया के जरिए परीक्षा को लेकर फैलाए जाने वाली अफवाहों से सख्ती से निपटने और ऐसे फेक इंटरनेट अकाउंट को बंद करने के निर्देश दिए।

### मेटा-गूगल और टेलीग्राम के प्रतिनिधियों से की बात

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बड़े इंटरनेट प्लेटफॉर्म जैसे मेटा, गूगल और टेलीग्राम के प्रतिनिधियों के साथ एक अन्य बैठक भी की। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी गलत जानकारी के बढ़ते फैलाव, खासकर टेलीग्राम चैनल और गुमनाम ऑनलाइन ग्रुपों के जरिए किए जाने वाले दुष्प्रचार को तुरंत रोकने के निर्देश दिए। उन्हें अपनी ओर से भी पूरी सतर्कता बरतने को कहा। इस दौरान शिक्षा मंत्रालय व एनटीए के अधिकारियों ने एक ब्यौरा भी पेश किया गया है, जिसमें बताया गया कि बड़ी परीक्षाओं से पहले कुछ ऐसे चैनल है जो बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। इन पर गलत पेपर लीक के दावे और बिना जांच-परख के झूठी जानकारी फैलायी जाती है। इससे छात्र व अभिभावकों में घबराहट, चिंता और भ्रम पैदा होता है। इसका पूरा एक गिरोह भी है। इस दौरान इंटेलीजेंस एजेंसियों ने ऐसी गतिविधियों में लिप्त फोन नंबरों को भी साझा किया है, जो संगठित तरीके से परीक्षाओं से जुड़े झूठ को फैलाते है। प्रधान ने इससे निपटने के लिए शिक्षा मंत्रालय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन दवा के खिलाफ फूटा गुस्सा, कहीं बाइक रैली तो कहीं दुकानें बंद, कई शहरों में दिखा असर

रायपुर। ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में देशभर के केमिस्ट संगठनों द्वारा बुलाई गई हड़ताल का बड़ा असर छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। राज्यभर में लगभग 18 हजार मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिसमें थोक और रिटेल दोनों प्रकार की दुकानें शामिल हैं। रायपुर और बिलासपुर में सुबह से ही अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहने के कारण मरीजों और आम लोगों को दवाओं के लिए परेशान होना पड़ा।



### सरगुजा में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन

सरगुजा जिले में केमिस्ट संघ ने ऑनलाइन फार्मेसी के खिलाफ बाइक रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने अपोलो फार्मेसी के सामने नारेबाजी की और कई स्थानों पर मेडिकल दुकानें बंद कराई गईं। रैली अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक होते हुए घड़ी चौक तक पहुंची, जहां प्रदर्शन और तेज हो गया।

### बस्तर में 300 मेडिकल दुकानें बंद

बस्तर जिले में भी हड़ताल का व्यापक असर दिखा, जहां करीब 300 मेडिकल दुकानें बंद रहीं, जबकि जगदलपुर शहर में लगभग 120 दुकानें बंद रहीं। हालांकि कुछ व्यापारियों ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन संपर्क नंबर जारी किए, लेकिन कई जगह विरोध प्रदर्शन भी जारी रहा। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट और तेज डिलीवरी सिस्टम के कारण स्थानीय मेडिकल स्टोर्स का कारोबार प्रभावित हो रहा है। छोटे व्यापारियों का मानना है कि इससे उनका व्यवसाय संकट में पड़ रहा है और स्थानीय बाजार व्यवस्था कमजोर हो रही है। CAIT के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि यह केवल दवा कारोबार का मुद्दा नहीं है, बल्कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शरद पवार ने की मोदी की तारीफ : बोले- विदेशों में भारत का मान बढ़ा रहे हैं प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के एक बयान ने महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। विपक्ष के वरिष्ठ नेता शरद पवार ने सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा मजबूत करने का काम कर रहे हैं। पवार ने यह भी कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन राष्ट्रहित सबसे ऊपर होना चाहिए।



### सार्वजनिक कार्यक्रम में पीएम मोदी की तारीफ

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करने में पीएम मोदी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पुणे स्थित लक्ष्मणराव गुट्टे ग्रामीण विकास फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोलते हुए शरद पवार ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व मजबूती से कर रहे हैं और यह देश के लिए सकारात्मक बात है।

### नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक का किया जिक्र

अपने संबोधन में शरद पवार ने अपने राजनीतिक जीवन के कई पुराने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि 1958 में तीन मूर्ति भवन में उनकी मुलाकात देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई थी। पवार ने कहा कि नेहरू का व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि वे अपने सवाल तक भूल गए थे।

### इंदिरा गांधी का किस्सा भी सुनाया

शरद पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़ा एक प्रसंग भी साझा किया। उन्होंने कहा कि सोवियत संघ दौरे के दौरान इंदिरा गांधी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जिनका नाम सीएए में नहीं उन्हें गिरफ्तार कर देश से बाहर भेजा जाएगा - शुभेंदु अधिकारी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अवैध प्रवासियों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि जिन लोगों का नाम नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) में शामिल नहीं है, उन्हें राज्य की पुलिस जल्द ही गिरफ्तार करके देश से बाहर भेजेगी. उन्होंने कहा कि यह कानून आज से ही लागू हो रहा है. सीएम अधिकारी के इस बयान के बाद से ही अब वो लोग ज्यादा चिंतित हैं जिनका नाम इस बार की वोटर लिस्ट और CAA में नहीं है.



आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल में CAA और NRC लागू करने को लेकर केंद्र और राज्य की पहले की सरकारों के बीच खींचतान लंबी चली थी. हालांकि, उस दौरान केंद्र सरकार ने सीएए के नियम अधिसूचित किए और अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए निर्देश जारी किए थे, लेकिन उस समय की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि बंगाल में CAA और NRC को लागू नहीं होने दिया जाएगा. राज्य ने इस संबंध में केंद्र के साथ प्रशासनिक डेटा साझा करने और प्रक्रिया शुरू करने में देरी की थी. इसका असर यह हुआ था कि घुसपैठ की पहचान और कानूनी प्रक्रिया में गतिरोध पैदा हुआ, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा प्रबंधन जटिल हो गया था. राज्य सरकार ने NIA और केंद्रीय एजेंसियों के साथ असहयोग भी किया था. आतंकी गतिविधियों (जैसे खगड़ागढ़ धमाका (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी सुनवाई: फ्यूल बचाने बदलाव, समर वेकेशन में कोर्ट नहीं जाएंगे जज

बिलासपुर। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भी ईंधन और संसाधनों की बचत के लिए अपने कामकाज में बदलाव किए हैं। हाईकोर्ट में समर वेकेशन के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के निर्देश पर सर्कुलर जारी किया गया है।

इस आदेश के बाद भीषण गर्मी में वकीलों और पक्षकारों को कोर्ट आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, जो वकील किसी कारणवश वर्चुअली नहीं जुड़ पाएंगे, उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। जरूरत पड़ने पर कोर्ट खुद भी फिजिकल सुनवाई के निर्देश दे सकेगा। हाईकोर्ट और जिला अदालतों के कर्मचारियों को सप्ताह में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दी जा सकती है। हालांकि, रोटेशन व्यवस्था के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कम



### वकील-पक्षकार भी वर्चुअली जुड़ेंगे

से कम 50 प्रतिशत कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहें, ताकि न्यायिक और प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों। घर से काम करने वाले कर्मचारियों को फोन और अन्य सरकारी संचार माध्यमों पर हर समय उपलब्ध रहना अनिवार्य होगा।


### फ्यूल बचाने के लिए जज-अधिकारी करेंगे कार पूलिंग

फ्यूल की बचत और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए हाईकोर्ट ने नई पहल की है। इसके तहत राज्य के न्यायिक अधिकारियों, रजिस्ट्री अफसरों और मंत्रालयीन कर्मचारियों के लिए व्हीकल पूलिंग यानी साझा वाहन व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इतना ही नहीं, हाईकोर्ट के जजों से भी आपस में कार-पूलिंग करने का आग्रह किया गया है।

इन सभी व्यवस्थाओं को बिना किसी बाधा के लागू करने के लिए हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सहित अन्य जरूरी तकनीकी इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट प्रशासन का कहना है कि रमेश सिन्हा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट तकनीक, आपसी समन्वय और संस्थागत जिम्मेदारी के जरिए आम जनता के लिए न्याय सुलभ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कदम देशहित में संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

## पहला कॉलम...

### हिंद-सिंध के शिरोमणि संत साई साधराम ब्रह्मलीन, सिंधी समाज में शोक की लहर




**राजनांदगांव (दावा)।** हिंद-सिंध के करोड़ों लोगों के विश्वस्तरीय शिरोमणि संत एवं आध्यात्मिक पथ-प्रदर्शक साई साधराम साहब का बुधवार 20 मई को सिंगापुर में अवसान हो गया। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर मिलते ही भारत और पाकिस्तान सहित दुनियाभर में फैले लाखों श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई है। 'सच्चो सतराम' का पावन संदेश पूरे विश्व में फैलाने वाले संत साधराम ने अपना संपूर्ण जीवन अध्यात्म, मानवता, सेवा, प्रेम और समाज कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनके सेवा कार्यों के चलते ही आज भारत और पाकिस्तान के प्रत्येक जिले में मंदिर रूपी सेवा धाम स्थापित हैं। बताया गया है कि गुरुवार 21 मई को उनके अंतिम दर्शन हेतु पूरे भारत और पाकिस्तान से लाखों की संख्या में श्रद्धालु सतरामधाम रहेड़की साहब में एकत्र होंगे। संत श्री के प्रति अगाध श्रद्धा प्रकट करते हुए राजनांदगांव के सिंधी समाज ने आज गुरुवार 21 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वतः स्फूर्त बंद रखने का निर्णय लिया है। सतराम धाम राजनांदगांव के सेवादार मन्नुमल मोटलानी, दौलत रामचंदानी, हरीश मोटलानी तथा पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी एवं अर्जुनदास पंजवानी ने बताया कि इस दौरान गली नंबर तीन स्थित 'झंडा साहब' में समाज के लोगों और श्रद्धालुओं के लिए साई संत साधराम के अंतिम दर्शन का सीधा (लाइव) प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। प्रतिष्ठान बंद रहने के दौरान सभी श्रद्धालु झंडा साहब में एकत्रित होंगे। जहां सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु महासंत की आध्यात्मिक वाणी और उनके उपदेशों को श्रवण कर अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। झंडा साहब के वासुदेव मोटलानी, दिलीप लालवानी एवं सुरेश लालवानी ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से अपने प्रतिष्ठान 2 घंटे बंद रख झंडा साहब में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने की भावपूर्ण अपील की है।

### जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**राजनांदगांव (दावा)।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2026 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते हुए बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून से 15 अक्टूबरतक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे निरंतर क्रियाशील रहेगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557 है एवं राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर का दूरभाष क्रमांक 2223471, फैक्स नंबर 2223472 है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन अवधि में भू-अभिलेख शाखा में स्थापित दूरभाष क्रमांक 07744-227028 पर भी आपात स्थिति की सूचना दी जा सकती है।

जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। इसके अंतर्गत जिला कार्यालय भवन (कलेक्टोरेट) स्थित कक्ष क्रमांक 11 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07744-220557 (24 घण्टे) 07744-227028 कार्यालयीन अवधि, मोबाईल नंबर 9827904189 व 8839409627 है। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नियंत्रण अधिकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इनका मोबाईल नंबर 7415237266 है।

डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तहसील डोंगरगढ़ में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07823232244 एवं मोबाईल नंबर 9589990655 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नियंत्रण अधिकारी तहसीलदार डोंगरगढ़ नीलकंठ जनबंधु है। इनका मोबाईल नंबर 9425568383 है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत तहसील राजनांदगांव में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07744-225403 एवं मोबाईल नंबर 9893648342 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नियंत्रण अधिकारी तहसीलदार राजनांदगांव प्यारेलाल है। इनका मोबाईल नंबर 9406159948, 9399903009 है। डोंगरगांव तहसील अंतर्गत तहसील डोंगरगांव में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07745-271756 एवं मोबाईल नंबर 8817616044 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नियंत्रण अधिकारी तहसीलदार डोंगरगांव मल साहू है। इनका मोबाईल नंबर 9098168006 है। छुरिया तहसील अंतर्गत तहसील छुरिया में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07745-264400 एवं मोबाईल नंबर 7987797730 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नियंत्रण अधिकारी तहसीलदार छुरिया श्रीमती आकांक्षा साहू है। इनका मोबाईल नंबर 9753020861 है। लालबहादुर नगर तहसील अंतर्गत तहसील लालबहादुरनगर छुरिया में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका दूरभाष क्रमांक 07823-232244 एवं मोबाईल नंबर 9770713185 है।







# सुशासन तिहार में खूनी खेल : सरपंच के पेट में घोंपा चाकू, आरोपी बोला- कलेक्टर को मारना चाहता था

**राजनांदगांव (दावा)।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलांदुर में आयोजित सुशासन त्योहार के मंच पर उस समय भगदड़ और हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने सरेआम सरपंच पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। ग्राम के ही जितेंद्र यादव नामक युवक ने पलांदूर सरपंच मानिकलाल वर्मा के पेट में चाकू घोंप दिया। खून से लथपथ सरपंच को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों को बुलाकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए मोहारा चौकी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी जितेंद्र यादव को तत्काल हिरासत में ले लिया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के सामने बदले बोल

इस पूरे मामले में आरोपी जितेंद्र के दो अलग-अलग बयानों ने मामले को राजनीतिक रूप दे दिया है। जिसमें पहला बयान (कलेक्टर पर हमले की साजिश) में मोहारा चौकी में पुलिस, पीड़ित सरपंच और पंच ओंकार वर्मा के समक्ष आरोपी ने कुबूल किया कि वह आवास संबंधी समस्या को लेकर कलेक्टर जितेंद्र यादव को चाकू मारने आया था। प्रेसवार्ता में ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी ने डीएसपी के सामने भी रोते हुए गलती मानी और कलेक्टर को ही निशाना बनाने की बात कही। हालांकि पुलिस ने इस सार्वजनिक बयान को दर्ज नहीं किया। वहीं दूसरा बयान (छेड़छाड़ की थ्योरी) में जब पुलिस गाड़ी में आरोपी को अलग ले जाकर डोंगरगढ़ ले जाया जा रहा था। तब उसने नया राग अलापते हुए सरपंच पर अपनी पत्नी को छेड़ने का आरोप लगाया और इसी कारण चाकू मारने की बात कही, जिसे पुलिस ने अपनी डायरी में दर्ज किया है।



**आरोपी के दो अलग-अलग बयानों से गरमाई राजनीति, पीड़ित सरपंच ने प्रेसवार्ता में कहा- पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी लगा रहा पत्नी से छेड़छाड़ का झूठा आरोप**

#### बचने के लिए लगा रहा झूठा आरोप, शराबी है आरोपी

सरपंच मानिकलाल वर्मा ने छेड़छाड़ के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पुलिस कार्रवाई और कड़ी सजा से बचने का पैंतरा बताया। उन्होंने खुलासा किया कि जितेंद्र शातिर और शराब पीने का आदी है, जो आए दिन अपने घर-परिवार में मारपीट करता था। उसकी पत्नी पिछले कई महीनों से उसके साथ हैदराबाद कमाने-खाने गई हुई थी और उसके घरेलू विवादों से तंग आकर वह किसी के साथ भाग चुकी है। घटना के बाद आरोपी के 65 वर्षीय पिता तीजूराम यादव ने खुद सरपंच से मुलाकात कर अपने बेटे की हरकतों पर दुख जताया और कहा कि वह उसकी शराब की लत और लड़ाई-झगड़े से खुद परेशान हैं।

### कलेक्ट्रेट और एसडीएम का बार-बार पूछ रहा था ठिकाना

पीड़ित सरपंच मानिकलाल वर्मा ने राजनांदगांव प्रेस क्लब में उप-सरपंच, पंच और ग्राम प्रमुखों के साथ एक प्रेसवार्ता (प्रेस कॉन्फ्रेंस) आयोजित कर घटना की पूरी सच्चाई सामने रखी। सरपंच ने बताया कि आरोपी जितेंद्र यादव सुशासन तिहार के दौरान कार्यक्रम स्थल पर हर 15-15 मिनट में आ रहा था और बार-बार पूछ रहा था कि कलेक्टर और एसडीएम साहब आ गए हैं क्या? सरपंच ने जब उसे बताया कि कलेक्टर ढाई से तीन बजे के बीच आएंगे, तो वह घात लगाकर बैठ गया। इसके बाद जैसे ही सरपंच सुशासन तिहार के संदर्भ में भाषण देने के लिए मंच पर खड़े हुए और बोलना शुरू किया। आरोपी ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया।

### निष्पक्ष जांच और कड़े दंड की मांग

प्रेसवार्ता में सरपंच के साथ पहुंचे उप-सरपंच युवराज वर्मा, पंच कुशल वर्मा, ग्राम मुखिया देवार दास रात्रे, ओमप्रकाश वर्मा, बाबूलाल वर्मा और पंच डोकस वर्मा सहित दर्जनभर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पुलिस से इस पूरे मामले की सूक्ष्म व निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सुशासन जैसे शासकीय मंच पर कलेक्ट्रेट और जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाने की इस साजिश के पीछे की असली सच्चाई सामने आनी चाहिए और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## गौरीनगर हत्याकांड की गुत्थी सुलझी : पुरानी रंजिश में नाबालिगों ने रची थी खूनी साजिश, 5 गिरफ्तार




**पावर हाउस टावर के नीचे पत्थर, डंडे और चाकू से किया था अब्दुल रकीब पर जानलेवा हमला, मुख्य आरोपी जेल और 4 नाबालिग बाल सुधार गृह भेजे गए**

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के चिखली चौकी अंतर्गत गौरीनगर में बीती रात हुई सनसनीखेज चाकूबाजी और हत्याकांड की गुत्थी को पुलिस ने महज कुछ ही घंटों के भीतर सुलझा लिया है। चिखली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वारदात में शामिल मुख्य आरोपी सहित 4 विधि से संघर्षरत बालकों (नाबालिगों) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक द्वारा लगातार परेशान किए जाने और पुरानी रंजिश के चलते इस खूनी खेल को अंजाम दिया गया था। चिखली चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि घटना के संबंध में मृतक के प्रार्थी पिता द्वारा 19 मई मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि 18 मई की शाम 6 बजे से 19 मई की सुबह 6 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पुत्र अब्दुल रकीब (निवासी गौरीनगर) की पत्थर, डंडे और धारदार हथियार से बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल धारा 103(1) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। एसपी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिरों से मिली सूचनाओं और गौरीनगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस को ईशू यादव उर्फ पंछी और उसके कुछ नाबालिग साथियों पर संदेह हुआ। जिसके बाद घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया गया।

पुलिसिया पूछताछ में मुख्य आरोपी और उसके 4 नाबालिग साथियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि अब्दुल रकीब से उनकी पुरानी दुश्मनी चल रही थी और वह उन्हें परेशान करता था। इसी का बदला लेने के लिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से 18 मई की रात गौरीनगर पावर हाउस के पास टॉवर के नीचे अब्दुल रकीब को घेरा और डंडे, पत्थर व चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### मुख्य आरोपी जेल दाखिल, नाबालिग बाल संरक्षण गृह भेजे गए

मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ईशू यादव उर्फ पंछी उर्फ पप्पू उम्र 18 वर्ष 9 माह, निवासी अचानकनगर (गौरीनगर वार्ड नंबर 13) सहित उसके 4 नाबालिग साथियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। अदालत के आदेशानुसार मुख्य आरोपी ईशू यादव को जेल निरुद्ध कर दिया गया है। वहीं हत्या में शामिल चारों नाबालिगों को संरक्षणात्मक अभिरक्षा में बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की तत्परता की सराहना हो रही है।

## गुवाहाटी में नेफेड निदेशक मंडल की बैठक संपन्न



**छत्तीसगढ़ के किसानों के हक में उठे बड़े मुद्दे**

**राजनांदगांव (दावा)।** भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) नई दिल्ली के निदेशक मंडल की बैठक असम प्रांत के गुवाहाटी में संपन्न हुई। नेफेड की बैठक में छत्तीसगढ़ मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी शामिल हुए। श्री द्विवेदी ने बोर्ड की बैठक में छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने प्रदेश में मक्का खरीदी मिलेट प्रोत्साहन, जैविक गुड़ एवं लघु वनोपज विपणन के लिए भी अपना सुझाव दिए। श्री द्विवेदी ने नेफेड की मेंबर समितियों एवं नेफेड द्वारा संचालित एफपीओ के माध्यम से बीज तथा बायोफर्टिलाइजर का उत्पादन एवं वितरण करने की अपील भी की। उन्होंने बैठक में बताया कि पीडीएस में चना एवं जागरी (गुड़) की सप्लाई पहले नेफेड द्वारा की जाती थी। वर्तमान समय में भी पुनः सप्लाई करने की पहल की जाए ताकि नेफेड को एक अच्छा बिजनेस मिल सके। छत्तीसगढ़ में मक्का की खेती खरीफ एवं रबी दोनों सीजन में होती है। लेकिन इसकी खरीदी नेफेड द्वारा क्यों नही की जा रही है। इसकी भी पहल की जानी चाहिए। मिलेट को बढ़ावा देने के लिए कोदो, कुटकी, रागी खरीदी की भी छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं।

### निर्वाचन प्रेक्षक की व्यवस्था हेतु नायब तहसीलदार डॉ. सुरेखा वर्मा लायजन अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन 2026 हेतु राजनांदगांव जिले के लिए नाम निर्दिष्ट प्रेक्षक उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय रायपुर श्रीमती ज्योति सिंह की व्यवस्था एवं समन्वय हेतु नायब तहसीलदार राजनांदगांव डॉ. सुरेखा वर्मा को लायजन अधिकारी नियुक्त किया गया है। लायजन अधिकारी डॉ. सुरेखा वर्मा का मोबाईल नंबर 8982723487 है।

**आवश्यकता है**

ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव

जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135

**शुभांक**

बी. के.
2-5-9
689-3 678-1
राजधानी
1-5-8
147-2 129-2

अनुमानित

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605094500014**

**विषयः - अ-74 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026 पिनकापार (प ह नं. 00017), पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- कार्तिक राम, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कार्तिक राम पिता दुकालू जाति कलार निवासी ग्राम पिनकापार तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के आधिपत्य व स्वामित्व शामिलात खाते में कृषक ग्राम पिनकापार प.ह.नं. 17 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में खसरा न. 515/1, 515/4, 515/5 का रकबा 0.1130हे., 0.1420 हे., 0.1660 हे. लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2, जो आवेदिका के घर में दिनांक 07/04/2026 को शाम लगभग 4-5 बजे घर में रखा हुआ गैस सलेण्डर अचानक फट जाने की वजह से आग लगने के कारण 03 नग ऋणपुस्तिका कार्तिक के नाम से 01 नग ऋणपुस्तिका जलकर नष्ट हो गया है। जलकर नष्ट हो गया है। आवेदिका का ऋण पुस्तिका आग में जलकर नष्ट हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज, आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदिका द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, नक्शा, खसरा, आदेय प्रमाण पत्र, चालान की प्रति तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति पेश कर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतःउक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकत है। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**Neelkanth Janbandhu**
**तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605094500013**

**विषयः-अ-74 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026 पिनकापार प.ह.नं. 00017 [517(0.1090 हे.)] पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार ठगिया बाई, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका ठगिया बाई पति कार्तिक राम जाति कलार निवासी ग्राम पिनकापार तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के आधिपत्य व स्वामित्व शामिलात खाते में कृषक ग्राम पिनकापार प.ह.नं. 17 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में खसरा नं. 517 का रकबा 0.1090 हे., लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2, जो आवेदिका के घर में दिनांक 07/04/2026 को शाम लगभग 4-5 बजे घर में रखा हुआ गैस सलेण्डर अचानक फट जाने की वजह से आग लगने के कारण 03 नग ऋण पुस्तिका कार्तिक के नाम से 01 नग ऋण पुस्तिका जलकर नष्ट हो गया है। जलकर नष्ट हो गया है। आवेदिका का ऋण पुस्तिका आग में जलकर नष्ट हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**Neelkanth Janbandhu**
**तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605094500012**

**विषयः-अ-74 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026 पिनकापार प.ह.न. 00017 पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार ठगिया बाई, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका ठगिया बाई पति कार्तिक राम जाति कलार निवासी ग्राम पिनकापार तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के आधिपत्य व स्वामित्व शामिलात खाते में कृषक ग्राम पिनकापार प.ह.नं. 17 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में खसरा न. 514/2, 516/4 का रकबा क्रमशः 0.0530हे. 0.0840 हे., लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग- 1 एवं भाग-2, जो आवेदिका के घर में दिनांक 07/04/2026 को शाम लगभग 4-5 बजे घर में रखा हुआ गैस सलेण्डर अचानक फट जाने की वजह से आग लगने के कारण 03 नग ऋणपुस्तिका जलकर नष्ट हो गया है। आवेदिका का ऋण पुस्तिका आग में जलकर नष्ट हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज, आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अतःउक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकत है। निर्धारित समयावधि में पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/05/2026 को जारी किया जाता है।

**Neelkanth Janbandhu**
**तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, येमन कुमार आ. घनश्याम सिंह, आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर, पो. घुमका, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करता हूं कि, मैंने अपना पुराना नाम येमन विश्वकर्मा को त्यागकर नया नाम येमन कुमार रख लिया है। जिस हेतु नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम येमन कुमार के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**येमन कुमार**
आ. घनश्याम सिंह, आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर, पो. घुमका, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं अशिका वर्मा पिता कुशलराम वर्मा निवासी ग्राम शिवपुरी वार्ड नम्बर 15 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव(छ.ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूं कि, मैंने अपना पुराना नाम अशिका वर्मा (ASHIKA VERMA) को त्यागकर नया नाम याशिका वर्मा (YASHIKA VERMA) रख लिया है। जिस हेतु नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम याशिका वर्मा (YASHIKA VERMA) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**याशिका वर्मा**
(YASHIKA VERMA)
पिता कुशलराम वर्मा निवासी ग्राम शिवपुरी वार्ड नम्बर 15 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव(छ.ग.)

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत वैभव संकुल संगठन घुमका वि.ख. व जिला राजनांदगांव में संकुल स्तरीय, जनपद स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, जिला पंचायत स्तरीय बैठक, कार्यशाला, गैर आवासीय प्रशिक्षण, आवासीय प्रशिक्षण हेतु चाय, नाश्ता, भोजन एवं अन्य खाद्यान सामग्री की व्यवस्था हेतु कोटेशन आमंत्रण किया जा रहा है NRLM की लोकोस साइड में पंजीकृत समूह उक्त के संबंध में संकुल कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर व निर्धारित प्रारूप मे 20/05/2026 से 9/06/2026 समय दोपहर 01 बजे तक कार्यालय अवधि में नियम व शर्तो के साथ कोटेशन प्रस्तुत कर सकते है।

**अध्यक्ष / सचिव**
**वैभव संकुल संगठन, घुमका**
**जिला-राजनांदगांव**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

phone- 07744-299703 email-eeraj- phe-cg@.nic.in

निविदा सू. क्र. 21/निविदा प्रकोष्ठ/का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड/2026 राजनांदगांव, दिनांक 18.05.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से मेन्युअल निविदा 'प्रपत्र अ' में प्रतिशत दर पर एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निक्षेप मद अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम ढारा से ठेलकाडीह रोड पर ग्राम सिवनीकला के समीप डी.आर.बी. पुलिया रोड के बांये भाग में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन के स्थान पर नवीन पाईप लाईन बिछाने के कार्य हेतु मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेडयूल अनुसार) जिसकी अनुमानित लागत रू. 0.73 लाख है। निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 08.06.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 262700878/1

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्रमांक-07**

क्रमांक/773/क्लेलिा/ग्रा.यां.सेवा/2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 18/05/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने ऑनलाईन मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य बसंतपुर विकासखण्ड राजनांदगांव | 9.84 | प्रथम बार | 02.06.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट बेवपोर्टल http:// eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 19.05.2026 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 02.06.2026 सायं 5.30 बजे तक है।

जी- 262700867/1

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव**

# नुनहाटोला मार्ग में शराब दुकान को लेकर महिलाओं ने खोला मोर्चा, हटवाने के लिए कसी कमर

**अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी महिलाएं 'मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा' निकालकर जाएंगी राजधानी, सरकार से लगाएंगी गुहार**

ए पेज 3 (20 मई 2026, फोटो-नुनहा टोला)

राजनांदगांव (दावा)। जिले में शासकीय शराब दुकान को लेकर ग्रामवासियों का समर्थन व विरोध दोनों देखने को मिल रहा है। जिले के गैंदा टोला कोलियारी क्षेत्र के नूनहाटोला मार्ग में स्थित सरकारी शराब दुकान को हटाने को लेकर ग्राम की जागरुक महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम की बड़ी संख्या में महिलाएं उक्त शराब दुकान का विरोध करते हुए 14 मई से उक्त शराब भट्ठी के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई है। भीषण गर्मी के दिनों में गांव की महिला शक्ति के अपने घरों से निकल कर धरना प्रदर्शन करने के बावजूद जिला स्तर पर उनकी मांग की किसी भी स्तर पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। इससे बेजार होकर वे सभी महिलाएं 21 मई से मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा निकालने जा रही है और वे राजधानी रायपुर जा कर मूख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष उक्त शराब दुकान हटाने के लिए गुहार लगाएंगी।




### पीड़ित महिलाओं शहर आकर ली प्रेस वार्ता

बता दे कि उक्त शराब दुकान को हटवाने के लिए जुटी महिलाओं का कहना है कि नुनहा टोला मार्ग में स्थित उक्त शराब दुकान से महिलाओं का गुजरना मुश्किल हो गया है। स्कूल पढ़ने वाले बच्चों को शराबी दौड़ाते हैं। इस तरह की घटनाओं के चलते शराबियों से पिंड छुड़ाने भागते हुए बच्चे पानी में डूबते-डूबते बचे हैं। शराबियों की गाली-गलौज व राह चलते लोगों को रोक कर शराब पीने पैसा मांगने नहीं देने पर मारपीट करना आम बात हो गई है। इस शराब भट्ठी से आसपास के गांवों का वातावरण बिगड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधि मंडल सहित ग्राम की पीड़ित महिलाओ ने शहर में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि उपरोक्त परेशानियो के चलते स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होने से वे सभी 21 मई गुरुवार से गैंदाटोला से मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा निकालने जा रही है। जो 26 मई को राजधानी पहुंचेगी। मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा रावनभाठा में पड़ाव करेगी एवं प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुख्यमंत्री निवास स्थान पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### किसान कल्याण का होगा सम्मेलन

महिलाओं के साथ प्रतिनिधि मंडल के रुप में शामिल किसान नेता सुदेश टीकम ने बताया कि उक्त यात्रा की शुरुआत किसान सम्मेलन के साथ होगी। सम्मेलन में शराब दुकान हटाने की मांग के साथ-साथ समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का लाभ, खाद की कालाबाजारी रोकते हुए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, न्याय योजना की बकाया किश्त का भुगतान आदि पर भी चचर्चा की जावेगी।

इस मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया है। महिलाओं ने जहां अपने मायके पक्ष के लोगों सहित अपने दूर दराज के रिश्तेदारों को इस आयोजन में शामिल होने का न्योता दिया है। प्रेस वार्ता में उपस्थित डोम्हाटोला की महिलाएं महाबती, यशोदाबाई, जानकी बाई व नूनहाटोला के आसपास की महिलाओं सहित ग्राम कोलियारी के सरपंच प्यारेलाल मंडावी, अनिस सोनी, किसान नेता सुदेश टीकम आदि ने बताया कि लोगो की उक्त मांग के संदर्भ में प्रशासन गंभीर नहीं है।

### मांग को लेकर प्रशासन की अनदेखी

भीषण गर्मी मे बड़ी संख्या में लोग महिलाओं एवं बच्चों संग धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए है, पर अभी तक कोई भी उच्च अधिकारी सुध लेने नहीं आया। बताया गया कि नायब तहसीलदार और आबकारी इंस्पेक्टर को औपचारिकता के लिए भेज दिया जाता है। जो कहते है, कि हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है, आपकी बात ऊपर पहुंचाई जा रही है। बताया जाता है कि फरवरी माह से कई बार प्रदर्शन ज्ञापन, मौखिक एवं लिखित में निवेदन किया जा चुका है, पर अभी तक परिणाम शुन्य है।

महिलाओं द्वारा शराब दुकान हटाने के लिए आयोजित अनिश्चितकालीन धरना स्थल को विभिन्न संस्था-संगठनो का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बताया गया कि मुख्यमंत्री निवेदन यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाले गांवों से भी समर्थन मांगा जा रहा है। कम से कम अपने गांव से अलगे गांव तक साथ चलने की अपील की जा रही है। विभिन्न संगठनों का मिल रहा समर्थन आंदोलन को लगातार जन-सामान्य, जन-प्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा है। प्रदेश किसान संघ सर्व आदिवासी समाज, कंगला माझी सरकार के प्रतिनिधियों ने भी धरना स्थल पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया है।

# शहर की रोलर स्केटिंग खिलाड़ी स्वीकृति इंडोनेशिया के जकार्ता में बिखेरेंगी अपने खेल का जलवा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार धानी नगरी के स्टेशन पारा वार्ड नं0 12 निवासी रेवाराम जी मंडावी की पोती स्वीकृति मंडावी अपने रोलर स्केटिंग खेल का प्रदर्शन करने इंडोनेशिया के जकार्ता जा रही है। वहां वे 29 से लेकर 31 म ई तक अपने रोलर स्केटिंग खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।



**जकार्ता में 29 से 31 मई तक होगा रोलर स्केटिंग का प्रदर्शन**

बता दें बहुत ही कम उम्र से कि रोलर स्केटिंग खेल के क्षेत्र में अपने श्रेष्ठ प्रदर्शनों से नाम कमा रही स्वीकृति वर्तमान में 9 वी कक्षा की छात्रा है। उन्होंने 800 से लेकर एक हजार, दो हजार व तीन हजार मीटर के रिंक रेस में ज्यादातर गोड मेडल की प्राप्ति की है। रोलर स्केटिंग के खेल के प्रति उसकी रुचि और सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन ने इंटरनेशनल स्तर पर जाने का उसकै मार्ग प्रशस्त किया है। सुश्री स्वीकृति मंडावी के इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता मनोहर लाल मंडावी व सुनीता मंडावी सिंह दादा रेवाराम मंडावी व भाई चैन सिंह मंडावी सहित स्कूल स्टाफ व सभी ईष्ट-मित्रो व घर परिवार के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# सुशासन तिहार बना जरूरतमंद परिवार का सहारा



मोहला (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जन समस्या निवारण शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम कुदुरघोड़ा निवासी श्रीमती मेनका बाई के लिए भी सुशासन तिहार खुशियां लेकर आया। उनके परिवार में कुल 11 सदस्य हैं और परिवार का मुख्य आजीविका स्रोत कृषि कार्य है। बड़े परिवार के पालन-पोषण में राशन कार्ड की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

**जनसमस्या निवारण शिविर में मिला राशन कार्ड, मेनका बाई के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

श्रीमती मेनका बाई ने अपने ग्राम पंचायत में राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। सुशासन तिहार के अंतर्गत देववाडवी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में उनकी समस्या का निराकरण करते हुए उन्हें नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। राशन कार्ड प्राप्त होने पर उनके चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड बनने से अब उनके परिवार को शासकीय खाद्यान्न योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही हो रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

# महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस में 'स्वर्ण प्राशन' के लिए भारी उत्साह 600 से अधिक बच्चों का हुआ अग्रिम पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। सुन्दरा स्थित महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस द्वारा आयोजित होने वाले आगामी निःशुल्क आयुर्वेदिक टीकाकरण ``स्वर्ण प्राशन संस्कार'' शिविर को लेकर पालकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। अस्पताल परिसर में आयोजित होने वाले इस शिविर के लिए अब तक 600 से अधिक बच्चों का अग्रिम पंजीयन हो चुका है।

पुष्य नक्षत्र के विशेष अवसर पर होगा आयोजन, एवं आगामी प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर भी आयोजित होगा। आयुर्वेद में पुष्य नक्षत्र का विशेष महत्व माना गया है।

इसी शुभ घड़ी को ध्यान में रखते हुए कॉलेज प्रबंधन द्वारा जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण शिविर की श्रृंखला तैयार की गई है। आगामी 21 मई 2026 (गुरुवार) को इस अभियान की शुरुआत होने जा रही है।

### संस्थान के उद्देश्य और लाभ

कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि स्वर्ण प्राशन न केवल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि यह उनकी स्मरण शक्ति, पाचन तंत्र और शारीरिक-मानसिक विकास में भी अत्यंत सहायक है। बढ़ते संक्रमण और बदलते मौसम के बीच बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह निःशुल्क कैंप लगाया जा रहा है। शिविर समयः प्रातः 8:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक। अग्रिम पंजीयन जारी है, बड़ी संख्या में हो रहे रजिस्ट्रेशन को देखते हुए प्रबंधन ने पालकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए समय रहते पंजीयन करा लें। संपर्क हेतु संस्थान ने 9713710917, 7610261000, 8966078138 और 7000951136 नंबर जारी किए हैं। संस्थान का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र के हर बच्चे तक आयुर्वेद के लाभों को पहुँचाना है ताकि एक स्वस्थ भविष्य की नींव रखी जा सके।

# शक्ति केंद्र सुंदरा में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न, बूथ सशक्तिकरण पर दिया जोर



राजनांदगांव (दावा)। शक्ति केंद्र सुंदरा में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक शक्ति केंद्र प्रभारी कृष्णा साहू के निर्देशन में संपन्न हुई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जहां राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और ग्रामीण स्तर पर बूथ सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा और सनातन संस्कृति से अवगत कराते हुए उन्हें संगठन से सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया।

**सनातन संस्कृति और पार्टी की विचारधारा से युवाओं को जोड़ने का संकल्प**

### सतनामी समाज भवन के सामने डोम निर्माण का निर्णय

बैठक के दौरान क्षेत्र की स्थानीय आवश्यकताओं और मांगों पर भी व्यापक चर्चा की गई। इसके तहत अचानकपुर भाठापारा में सतनामी समाज के प्रमुख गुरु घासीदास भवन के सामने एक सर्वसुविधायुक्त डोम निर्माण कार्य कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस कार्य की स्वीकृति हेतु जल्द ही कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र प्रेषित करेगा। इस सांगठनिक बैठक में सुंदरा, पार्री एवं अचानकपुर भाठापारा के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस दौरान उपस्थित प्रमुख जनों में शक्ति केंद्र प्रभारी कृष्णा साहू, संयोजक जितेंद्र साहू, सह संयोजक प्रेम साहू, सरपंच हिपेंद्र साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण कुमार वैष्णव, महेश वैष्णव, गोविंदा साहू, तिलक साहू, झामेश्वर साहू, धनेश्वर साहू, धनेश साहू, कमलाकांत चंद्राकर, चैन सिंह देवांगन, प्रमोद गहने सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल रहे।

# ग्राम खुटेरी में जनजातीय गरिमा उत्सव का हुआ शुभारंभ

**18 से 25 मई तक चलेगा विशेष अभियान**




राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुंटेरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 का शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं बुनियादी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत चयनित 105 ग्रामों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी संपर्क, सेवा संतृप्ति, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत निर्मित आदि सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई कार्यक्रम द्वारा प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर समाधान किया जाना है। सुशासन की सरकार, गांव-गांव, द्वार-द्वार के संकल्प के तहत कार्यक्रम स्थल पर जनसमस्या निवारण शिविर भी आयोजित किया गया। जहां नागरिकों की समस्याएं सुनी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू, संतोष अग्रवाल, मनोज साहू, तिलेश्वर साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, ग्राम पंचायतों के सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ में जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही तकनीकी खामियां कौन दूर करेगा?



**गरीब-मजदूर की यही पुकार — प्रमाण पत्र दो सरकार! के बुलंद नारों से गूंजा कलेक्ट्रेट परिसर**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने और लंबे समय से आवेदन लंबित रहने को लेकर सामाजिक जनों और आम जनता का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। भीम मानव कल्याण संगठन (भीमसेना) के बैनर तले बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। सामाजिक जनों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से अधिक समय से उनके सैकड़ों आवेदन एसडीएम कार्यालय में धूल खा रहे हैं, जिससे गरीब-मजदूर, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोग लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। प्रमाण पत्र न बनने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों होनहार विद्यार्थी और युवा शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश तथा रोजगार के महत्वपूर्ण अवसरों से वंचित हो रहे हैं।

**दो वर्षों से लंबित पड़े हैं सैकड़ों सामाजिक जनों के आवेदन, भीमसेना और कांग्रेस नेता के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

### अधिनियम 2013 के नियमों की सरेआम अवहेलना कर रहे अफसर

जनदर्शन में कलेक्टर से सीधे मुलाकात कर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के महामंत्री विजयराज सिंह चौहान ने नियमों का हवाला देते हुए प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति का प्रमाणिकरण विनियमन) अधिनियम, 2013 के तहत प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को काफी सरल किया गया था। इस अधिनियम के तहत एससी/एसटी के लिए वर्ष 1950 और ओबीसी के लिए वर्ष 1984 के दस्तावेजों की अनिवार्यता को समाप्त कर ग्राम सभा एवं नगरीय निकायों के प्रस्ताव के आधार पर ही जाति प्रमाण पत्र जारी करने का स्पष्ट प्रावधान है। चौहान ने गंभीर आरोप लगाया कि डोंगरगढ़ के जिम्मेदार अधिकारी इन कानूनी प्रावधानों की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं। जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर हक नहीं मिल पा रहा है।

### हक की लड़ाई में जो सो जाता है, उसका अस्तित्व इतिहास से खो जाता है

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान भीमसेना के पदाधिकारियों ने हुंकार भरते हुए कहा कि– हक की लड़ाई में जो सो जाता है, उसका अस्तित्व इतिहास से खो जाता है। सामाजिक जनों ने कलेक्टर से मांग की है कि दो साल से लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, नियमों का पालन कराने हेतु स्पष्ट गाइडलाइन जारी हो और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने इसके लिए एक समयबद्ध ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जाए। कलेक्टर कार्यालय द्वारा ज्ञापन प्राप्त कर मामले में त्वरित व उचित कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। इस बड़े आंदोलन और प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से विजयराज सिंह चौहान, पार्षद के. विनायक राव, शुभम खोबरागड़े, बादल वालदे, दिनेश साखरे, देवेंद्र वालदे, विशाल जाम्बुलकर, विलास सहारे, नितेश मेश्राम, विवेक वासनिक, हेमंत अम्बादे, अक्षय डोंगरे, परमानन्द ऊके, निधी गजभिये, ललिता साखरे, सारिका बड़ोले, योगेश्वरी सांगोडे, वैशाली सहारे, रिया डोंगरे, भूमिका रामटेके, रीना सहारे, अलका साखरे, गीता डोंगरे, माला रामटेके, चंद्रकुमार साखरे, पंकज डोंगरे, विक्रम रामटेके, आशीष टेम्बुलकर, रवि ऊके, किशोर रामटेके, जितेंद्र कोटाँगले, महेंद्र बांसोड़, मनोज अम्बादे, अक्षय सहारे, महेश चंद्रिकापुरे, गायत्री बडगे, शशिकला वासनिक, सिमरन मेश्राम, पंकज नारनौरे, सचिन मेश्राम, गणेश गजभिये, मनेश रामटेके, आकाश कुमार, रत्नदीप चंद्रिकापुरे और तरुण अम्बादे सहित डोंगरगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुशासन शिविर सिर्फ दिखावा, किसानों और जनता की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान : मदन साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सुशासन शिविरों पर तीखा हमला बोलते हुए इन्हें केवल दिखावा और राजनीतिक मंच करार दिया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि इन शिविरों में आम जनता और किसानों की वास्तविक समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा है, बल्कि सरकार और प्रशासन केवल अपनी वाहवाही लूटने में लगे हुए हैं। श्री साहू ने कहा कि पिछले सुशासन शिविरों में ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत और मांग संबंधी सैकड़ों आवेदन आज तक लंबित हैं। क्षेत्र का किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है। गांवों में अघोषित बिजली कटौती से लोग इस भीषण गर्मी में त्रस्त हैं और राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त कराने के लिए किसानों को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

**मंच पर सवाल पूछने पहुंचे जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष, अधिकारियों ने जवाब देने से किया इंकार, जनपद सदस्य सरिता साहू को भी नहीं मिला उत्तर, अपमान का आरोप**



### मंच पर अफसरों से तीखी बहस, जवाब देने से इनकार

मदन साहू ने बताया कि वे पिछले शिविर में दिए गए आवेदनों की पूरी फाइल लेकर खुद मंच पर पहुंचे थे। उन्होंने वहां मौजूद डिप्टी कलेक्टर और डोंगरगांव एसडीएम से सीधा सवाल किया कि आखिर एक साल बीत जाने के बाद भी जनता के आवेदनों का निराकरण क्यों नहीं हुआ? उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को मंच पर बुलाकर जवाब देने की मांग की, लेकिन डिप्टी कलेक्टर ने अधिकारी को सामने बुलाने से साफ इनकार कर दिया। श्री साहू ने आरोप लगाया कि मंच से केवल सत्ताधारी दल के नेताओं को ही अधिकारियों से संवाद का अवसर दिया जा रहा है। इससे साफ है कि सुशासन शिविर अब आम जनता के बजाय भाजपा की राजनीति का अखाड़ा बन चुके हैं।

शिविर के दौरान अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता का आलम यह रहा कि क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती सरिता साहू भी अपने क्षेत्र की समस्याओं का आवेदन लेकर मंच पर पहुंची थीं। लेकिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिसके कारण उन्हें निराश होकर मंच से वापस लौटना पड़ा। मदन साहू ने इसे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का खुला अपमान बताया है।

### डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल

विपक्षी दल के नेताओं ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। पंचायतों में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। जनपद पंचायत के अधिकांश कार्य अधूरे हैं और मनरेगा मजदूर रोजगार के लिए तरस रहे हैं। बढ़े हुए बिजली बिल और भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली ने ग्रामीण जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। किसान कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि टेंट-तंबू लगाकर करोड़ों रुपए फूंकने और औपचारिकता निभाने के बजाय किसानों की खाद, बिजली और राजस्व से जुड़ी जमीनी समस्याओं का त्वरित व ठोस निराकरण किया जाए।

# वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण पर संदेश और शपथ दिला रहे हैं व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू



राजनांदगांव (दावा)। केंद्र एवं राज्य सरकार के मंशानुरूप प्लास्टिक मुक्त देश, सघन वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण पर ग्रामीणजनों को जागरूक कर उन्हें शपथ दिलाने का कार्य स्वेच्छा से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया जा रहा है।

नवाचारी शिक्षक साहू जी द्वारा समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागृति, स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान, जागरूकता रैली को लेकर अक्सर कुछ नया करते रहते हैं। जीव जगत के हितों से जुड़े इन मुद्दों को लेकर वह हमेशा लोगों को जागरुक करते रहते हैं। अभी वर्तमान में भीषण गर्मी में जल की समस्या को देखते हुए जल संरक्षण के तहत जल बचाएं, जीवन बचाएं और भविष्य बचाएं अभियान शुरू किए है।

# अनमोल दावा

**ज्ञान से शब्द समझ में आते हैं, और अनुभव से लोग।**

## सम्पादकीय

### नक्सलमुक्त बस्तर में विकास की नई धारा- बैंकिंग विस्तार से मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था

एक समय नक्सल हिंसा और विकास की चुनौतियों के लिए पहचाने जाने वाला बस्तर अब बदल चुका है। आज बस्तर शांति, विश्वास, सुशासन और विकास की नई पहचान बन रहा है। नक्सलमुक्त होते बस्तर में अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंटरनेट और बैंकिंग जैसी बुनियादी सुविधाएं तेजी से विस्तार पा रही हैं। कभी बैंकिंग सुविधाओं के अभाव, नकदी आधारित अर्थव्यवस्था और सीमित वित्तीय पहुंच के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर संभाग में अब परिवर्तन की नई कहानी लिखी जा रही है। इसी परिवर्तन का सबसे मजबूत उदाहरण है पिछले ढाई वर्षों में बस्तर संभाग में 31 नई बैंक शाखाओं का खुलना। श्री विष्णु देव साय की सरकार के गठन के बाद बस्तर में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिली है। दूरस्थ और पूर्व में प्रभावित रहे क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच ने यह साबित किया है कि अब बस्तर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह नया बस्तर है, जहां बंदूक की आवाज नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और समृद्धि की नई गूंज सुनाई दे रही है।

**बैंक शाखाएं नहीं, विकास के नए द्वार**

दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंक शाखाओं की स्थापना ग्रामीण जीवन में व्यापक बदलाव लेकर आ रही है। पहले लोगों को छोटी-छोटी बैंकिंग जरूरतों के लिए जिला मुख्यालय या अन्य कस्बों तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। कई गांवों के लोगों को पूरा दिन खर्च कर बैंक पहुंचना पड़ता था। अब गांवों और ब्लॉक स्तर तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचने से न केवल समय और संसाधनों की बचत हो रही है, बल्कि लोगों का औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जुड़ाव भी बढ़ रहा है, इससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंच रहा है और पारदर्शिता मजबूत हुई है।

**बैंकिंग नेटवर्क बना नए बस्तर की पहचान**

बस्तर संभाग के गांवों और कस्बों में बैंक शाखाओं का खुलना केवल वित्तीय संस्थाओं का विस्तार नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश का प्रतीक है। जिन क्षेत्रों में कभी मूलभूत सेवाएं पहुंचाना चुनौती माना जाता था, वहां आज आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। पिछले ढाई वर्षों में बस्तर संभाग में 31 नई बैंक शाखाएं शुरू हुई हैं, इनमें बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। तर्रेम, जगरगुंडा, चिंतलनार, किस्टाराम, पामेड़, समलवार और कोहकामेटा जैसे क्षेत्रों में बैंक शाखाओं का खुलना विकास और विश्वास दोनों का प्रतीक बन गया है।

**नक्सलमुक्त बस्तर में बढ़ा विश्वास**

बस्तर में शांति और सुरक्षा का वातावरण मजबूत होने के साथ अब विकास कार्यों को नई गति मिली है। बैंक शाखाओं का विस्तार यह दर्शाता है कि अब शासन और जनता के बीच विश्वास पहले से अधिक मजबूत हुआ है। जहां कभी लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब गांवों और ब्लॉक स्तर पर ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे आम नागरिकों का जीवन आसान हुआ है और वे औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से तेजी से जुड़ रहे हैं। आज बस्तर के ग्रामीण बैंक खातों, डिजिटल भुगतान, किसान कृषि ऋण, बीमा, पेंशन और स्वरोजगार योजनाओं का लाभ आसानी से ले पा रहे हैं, इससे आर्थिक गतिविधियों में पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ी हैं।

**आदिवासी अंचलों को मिला आर्थिक संबल**

बस्तर संभाग की बड़ी आबादी आदिवासी समुदाय की है। बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार से आदिवासी परिवारों को अब सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे योजनाओं को लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते में (डी बीटी के माध्यम) मिल रहा है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, तेंदूपत्ता बोनस, वन धन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य डीबीटी के माध्यम से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है, इससे बिचौलियों की भूमिका कम हुई है और पारदर्शी व्यवस्था मजबूत हुई है। महिला स्व-सहायता समूहों को भी बैंकिंग सुविधाओं से बड़ी लाभ मिली है। समूहों को ऋण सुविधा मिलने से आजीविका गतिविधियों और छोटे उद्यमों को नई गति मिली है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रही नई ताकत**

31 नई बैंक शाखाओं के खुलने से बस्तर की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। अब छोटे व्यापारियों, किसानों और युवाओं को वित्तीय सहायता आसानी से उपलब्ध हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी आधारित व्यवस्था की जगह डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ रहा है। यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, माइक्रो एटीएम और आधार आधारित भुगतान जैसी सुविधाएं गांवों तक पहुंच चुकी हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था अधिक संगठित और पारदर्शी बन रही है। बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार से बाजार गतिविधियां बढ़ी हैं और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं।

**युवाओं और स्वरोजगार को बढ़ावा**

बस्तर में बैंकिंग नेटवर्क मजबूत होने से युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़े हैं। बैंक ऋण और वित्तीय सहायता मिलने से युवा अब कृषि आधारित उद्योग, लघु व्यवसाय, सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप गतिविधियों की ओर आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक मित्र और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं की भागीदारी भी बढ़ी है।

# घर से बाहर तक ऊर्जा संकट मोचन के विकल्प



होर्मुज मार्ग बंद होने से दुनिया झुलस रही है ऊर्जा संकट की आग से।
मोदी सरकार ने सूझबूझ से जनता पर नहीं आने दी इस संकट की आंच, खुद उठाया बोझ।
अब 2 महीने बाद पेट्रोल-डीजल के मूल्य में हुई मामूली वृद्धि।
ऊर्जा संकट मोचन के लिए यूएई नीदरलैण्ड से मिली भरपूर मदद।

इस समय समूची दुनिया अभूतपूर्व ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रही है। इस संकट के भविष्य में समाधान के आसार भी नहीं दिख रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से उम्मीद जगी थी लेकिन वहां भी ट्रम्प और शी जिनपिंग की कूटनीति में यह अति महत्वपूर्ण मुद्दा दब गया। भारत भी इस ऊर्जा संकट से बच नहीं पाया है लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लगभग दो महीने तक आम जनता पर इसका जरा भी बोझ नहीं डाला। प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ का घाटा उठाना मामूली नहीं है लेकिन दूरदर्शी प्रधानमंत्री ने वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने के लिऐ देश के अंदर और बाहर विकल्प तलाशे हैं। सबसे पहले देश के नागरिकों से अपील की और उसका प्रभाव भी दिखने लगा है। पेट्रोल-डीजल पर मामूली वृद्धि भी की गयी जिसे आम जनता ने सरकार से सहयोग के रूप में स्वीकार कर लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन और सार्वजनिक परिवहन के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। दूसरी तरफपीएम मोदी स्वयं विदेश यात्रा पर निकल पड़े। सबसे पहले वह संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे जहां यूएई अब भारत को रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के लिए 6 गुणा ज्यादा अर्थात 30 मिलियन मीट्रिक बैरल तेल देगा। उड़ीसा और विशाखापटनम में नये भंडार बनाये जा रहे हैं।

वैश्विक युद्ध और होर्मुज संकट का असर आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका असर हर घर की रसोई, हर वाहन के पहिए और हर परिवार के बजट तक पहुंच चुका है। कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगीं, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं। लेकिन दो महीने तक भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रही, करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहे, गाड़ियां चलती रहीं। अब इस संकट से जूझने का समय आया है और घर से बाहर तक इस संकट का सामना करने के रास्ते तलाशे जा रहे हैं।

आज यह संकट केवल आर्थिक प्रबंधन की कहानी नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन, दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व की मिसाल बन चुका है। दुनिया भर में बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे जनता पर डाल देना सबसे आसान रास्ता था और कई देशों ने ऐसा ही किया, लेकिन भारत ने यह रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने दो महीने तक स्वयं भारी आर्थिक दबाव सहा ताकि आम आदमी की रसोई और रोजमर्रा की जिंदगी पर कम से कम असर पड़े। सरकार ने लगभग पेट्रोल पर 24 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का भार वहन किया। 28 फरवरी के बाद से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। यूरोप और एशिया के कई देशों में पेट्रोल 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक महंगा हुआ, जबकि भारत में कोई बदलाव नहीं किया गया। हांगकांग में आज पेट्रोल सबसे महंगा है। वहाँ एक लीटर की कीमत लगभग 295 रुपये पहुंच गई है, जो 28 फरवरी के बाद 25 प्रतिशत बढ़ी है। सिंगापुर में दाम 30 प्रतिशत बढ़कर करीब 240 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नीदरलैंड में पेट्रोल 225 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है, जो 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। युद्धग्रस्त इजराइल में पेट्रोल 30 प्रतिशत महंगा होकर 185 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं भारत में अब भी पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर है।

प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ का घाटा उठाना कोई साधारण बात नहीं है। अब तक लगभग 68,000 करोड़ का बोझ सरकार और तेल कंपनियों ने अपने ऊपर लिया है। यह आंकड़ा उस संवेदनशील सोच का प्रमाण है जिसमें मोदी सरकार ने पहले नागरिकों की चिंता की और बाद में अपने खजाने की। अब ऊर्जा संकट से बचने के कुछ उपाय सामान्य स्तर पर किये जा रहे हैं और विदेशों से भी मदद मिल रही है।

साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आते ही स्थितियां बदलनी शुरू हुईं। पिछले वर्षों में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो दूरदर्शी तैयारी की गई, वही आज देश की ढाल बनकर खड़ी है। तेल भंडार तैयार किए गए, एथनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाई गई, वैकल्पिक ईंधन नेटवर्क विकसित हुआ और रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार शुरू हुआ। वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एलपीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रति दिन कम किया गया। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायोमास की वैकल्पिक अवसंरचना संकट से पहले से तैयार थी। जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। आज भारत के पास 5.33 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार है और दूसरे चरण के तहत चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में अतिरिक्त भंडारण क्षमता तैयार की जा रही है। यह केवल परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भविष्य के संकटों से देशवासियों को सुरक्षित रखने की तैयारी है। एथनॉल मिश्रण की नीति ने भी इस कठिन समय में देश को बड़ी राहत दी। 20 प्रतिशत ब्लेंडिंग के कारण भारत विदेशी मुद्रा की भारी बचत कर पा रहा है। संकट के दौरान वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था के जरिए एलपीजी की मांग में प्रतिदिन 70 से 75 हजार टन तक कमी लाई गई। ये कदम बताते हैं कि सरकार ने केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी सुरक्षा का रास्ता तैयार किया है।

युद्ध अब भी जारी है। देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि जब पूरी दुनिया दबाव में थी, तब भारत सरकार ने अपने नागरिकों को अकेला नहीं छोड़ा। उसने एक अभिभावक की तरह जिम्मेदारी निभाई। सरकारें केवल योजनाओं और घोषणाओं से बड़ी नहीं बनतीं, बल्कि कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़े होने से बड़ी बनती हैं। इस वैश्विक संकट के दौर में भारत ने यही करके दिखाया है। यही कारण है कि आज देश का आम नागरिक सिर्फराहत महसूस नहीं कर रहा, बल्कि उसके मन में यह भरोसा भी मजबूत हुआ है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, देश उसके साथ खड़ा है। हालांकि यह संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। समय की मांग यह भी है कि देश के नागरिक भी गंभीर चुनौतियों के प्रति सजग, संयमित और तैयार रहें। नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऊर्जा का इस्तेमाल किफायत से करें। वैशिवक संकट के बीच ढाल बनी भारत सरकार का धैर्यपूर्वक साथ दें। (हिफी)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 432 श्री राम ने रानी कैकेई के विवाह पूर्व उनके पिता को दिए वचन का स्मरण कराया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम की यह घोषणा सुनकर भी भरत जी के मुख पर उद्विग्नता है। श्री राम ने इसे ताड़ लिया। उन्होंने भरत जी से पूछा, ''क्या बात है अनुज? इस निर्णय को तुमने मन से स्वीकार नहीं किया है?''

''ऐसी बात नहीं है भैया, मेरे मन में एक संशय और है।''

'' कहो भरत! निः संकोच कहो।''

'' मैं इस आशा में था कि आप राज दायित्व स्वीकार करेंगे। अगर पिता महाराज यहाँ होते, तो माता कैकेई के वर वापस लेने पर वह भी यही संशोधित आदेश देते।'' भरत जी ने कहा।

''नहीं लक्ष्मण। पिताश्री एक और वचन से बंधे थे और वह उन्होंने छोटी माता से विवाह पूर्व कैकेय नरेश को दिया था। वह वचन था - छोटी माता का पुत्र ही अयोध्या का राजा बनेगा। यही उनके विवाह की शर्त थी। पिता महाराज द्वारा महाराज अश्वपति को दिए वचन का पालन करते हुए तुम्हें राजा बनना है अनुज। तुम अयोध्या का राज सँभालो और मैं वन क्षेत्र के निवासियों के हृदय का राज सँभालूँगा। मैं उनकी समस्याओं को समझने का प्रयत्न करूंगा और उनके कष्ट तथा सुख -दुख में भागी बनूंगा। साथ ही ऋषि मुनियों की यज्ञ पूर्णता में उनकी सहायता भी करूंगा।

यह व्यावहारिक समाधान सुनकर भरत जी के मुख पर पहली बार प्रसन्नता की रेख दिखाई दी। उनके मन के पश्चाताप और ग्लानि को भी जैसे एक समाधान मिल गया।चित्रकूट सभा में अंततः श्री राम ने पिता के वचनों के अनुरूप वनवास पर जाने का निर्णय पूर्ववत रखा। इस सभा में भरत के भातृ प्रेम की विजय हुई। उन्होंने अंतिम निर्णय श्री राम पर ही छोड़ दिया था। प्रेम केवल कुछ पाना नहीं है, बल्कि अपना सर्वस्व अर्पित करने और त्याग में है। महर्षि वसिष्ठ ने भरतजी की इच्छा को महत्व दिया। महाराज जनक ने श्री राम पर निर्णय का भार सौंप दिया। श्री राम ने भावनाओं पर कर्तव्य को वरीयता दी। उन्होंने दृढ़ता से अपने वनवास की अवधि पूरी करने का संकल्प लिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### बानी बोले - सुनिए गजाधर !

आज मानसून की खबर-
मौसम विभाग ने सूचित किया है,
दक्षिण-पश्चिम मानसून ने
भारत की ओर बढ़ना
शुरू कर दिया है।
फिलहाल यह
अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के
दक्षिणी सिरे से लेकर
उत्तरी सिरे तक पहुंच चुका है।
मौसम विभाग ने तय तारीख
एक जून से पहले
23 से 25 मई के
बीच मानसून के
केरलम पहुंचने की,
मालूम गजाधर ! संभावना जताई।
भयानक गरमी में तपते गजाधर
यह सुनते ही बोले खुश होकर
'बानी ! तुम्हारी इस खबर ने
हमें बड़ी ठंडक पहुंचाई
इसे एक बार और पढ़ो भाई !''
(बुधवार 20 मई 2026)



– *गिरीश बख्शी*

## सू- दोकू क्र.044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.043 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## कविता

# मैं हिंदू हूँ

मैं हिंदू हूँ, मैं काफिर हूँ
मुझे जान से मार दो
मैं हिंदू हूँ, मैं सभ्य हूँ
मैं सहृदयी हूँ, सहिष्णु हूँ
मैं मूक हूँ, मैं मौन हूँ
मेरे तन पे लिपटे हया-शर्म के
सारे के सारे कपड़े उतार दो
मैने सनातनी धर्म मे जन्म लिया
मेरी प्रकृति को तुम चीर दो फाड़ दो
अहिंसा मेरा धर्म, प्रेम मेरा मजहब है
मैं कायर हूँ, मैं हार चुका हूँ
मेरा खतना कर दो मुझे नया धर्म दो
मैं भी हिंसक हो जाऊँगा
कायर तो नही कहलाऊंगा ??
मैं हिंदू हूँ.....
मेरा अतीत बहुत ही अजीब है
सीखी मैंने गंगा जमनी तहज़ीब है
हम दोनों बचपन के मित्र हैं,
एक का नाम राम है दूसरा रहीम है
सदियों से मेरा धर्म सद्भावना सिखाता है
ईश्वर खुदा सब निराकार रूप एक ही है
ऐसा मुझे हर रोज सिखाया जाता है
मैं हिंदू हूँ.....
मैं तो बस बलि का बकरा हूँ
मैं सदियों से काँटा जाता हूँ
जात-पात, ऊंच निच् के भेद से
बार बार बाँट जाता हूँ
मैं फिर भी सदा मुस्कुराता हूँ
कभी मेरी अस्मत मुगल लूटते है
कभी अंग्रेज मेरी बोटी बोटी नोचते है
फिर भी मैं सबसे भाईचारा निभाता हूँ
मैं हिंदू हूँ.....
मैं भूल गया हूँ मेरा वीर इतिहास
शिवाजी संभाजी महाराणा प्रताप
गुरु अर्जन देव तेगबहादुर गुरु गोबिंदसिंह
जिनके नाम से ही कांप उठते थे
बाबर जहांगीर शाहजहाँ औरंगजेब
मैं हिंदू हूँ......
मैं कब तक तक सोते रहूँगा
क्या अपनो को असमय खोकर
बार बार रोते रहूँगा?
अहिंसा परमो धर्म इतिश्री कर
क्या बस यातनायें सहता रहूँगा ??
अब और यातनायें सहन नही करूँगा,
अपने सम्मान के लिए युद्ध मैं लडूंगा..।
मैं हिंदू हूँ, कौन कहता है मैं काफिर हूँ ??
मैं भारत वासी, भारत माँ का लाल हूँ..
मैं देश की आन के लिए शहीद हो जाऊंगा ,
पर अब मै रूकूंगा नही अब मै झुकूंगा नही..
श्री कृष्ण का अर्जुन हूँ मैं, श्रीराम का हनुमान हूँ,
मैं आर्यव्रत सनातन धर्म, भारत की पहचान हूँ
जात पात मेरा मज़हब नहीं, मैं सिर्फ इंसान हूँ,
मुझे कायर मत समझना, मैं वीर हूँ, बलवान हूँ..
मैं हिंदू हूँ.......
प्राण जाए पर वचन मैं तोडूँगा नही
पहलगाम नरसंहार करने वाले,
नापाक नपुंसकों को मैं छोड़ूँगा नहीं,
अपनी बहनो के सिंदूर की खातिर
युद्ध भूमि से पीछे कभी हटूंगा नहीं..
मैं हिंदू हूँ, भारत माँ का लाल हूँ,
मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हू, हाँ मैं हिंदू हूँ।

अंब्रिक मोटलानी
राजनांदगांव, 8770265454
Email- ambricmotlani73421@gmail.com

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए बेहद ख़ास पल लेकर आया है। भाई व माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे। खान-पान का उचित ध्यान रखें। इस राशि की महिलाओं को आज शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। आज आप अपने घर के साफ सफाई में व्यस्त रहेंगे। जमीन जायदाद संबंधी मामले आपके पक्ष में रहेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप उल्लास और कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे।



**वृष राशि**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे। पिता व गुरुजनों से सम्मान प्राप्त होगा। व्यापारिक वर्ग की निराशा आशा में परिवर्तित होगी, नये-नये प्रोजेक्ट मिलेंगे। आज विदेश में रह रहे आपके दोस्त आपको वहां आने का निमंत्रण दे सकते हैं या फिर काम के सिलसिले में भी आपको वहां बुलाया जा सकता है। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे।



**मिथुन**

आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं। आपके घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। ज़मीन संबंधी कार्य में पैसा लगाने से फ़ायदा मिल सकता है। कामकाज में भी उत्साह बने रहने के संकेत हैं। व्यावहारिक ज्ञान का स्तर उच्च रहेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो मल्टीनेशनल कंपनी में जुड़े हैं ऐसे जातकों के लिए आज का दिन प्रगतिकारक दिखाई दे रहा है आप किसी नए कार्य की योजना बनायेंगे, जिससे अधिक धन लाभ मिल सकता है।



**सिंह**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा।आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच लें। दोस्ती के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी। आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे, जिससे रुके हुये कार्यों को पूरा करने में भी सफल होंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर बनेगी। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएंगे। विद्यार्थियों को मनचाही सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है,सफलता के योग भी बने हुये है। कारोबार और करियर संबंधी समस्याओं का निवारण हो जायेगा, कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है। फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वाले जातकों को बढ़िया ऑर्डर मिलने से खुशी होगी।




**तुला**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके परवारिक रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। ऑफिस में कुछ कार्यों की जिम्मेदारी आपको दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। खान-पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आप जितना ही मेहनत करेंगे, आपको उतना ही लाभ मिलेगा। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शिक्षकों से बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आयेगी। घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं उनके लिए अनुकूल समय है। आज किसी काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपके पर्सनालिटी की तारीफ होगी। आज आपको जो भी बेहतर परिणाम हासिल होंगे उसमें आपकी योग्यता और दूर दृष्टि की प्रमुख भूमिका होगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जायेंगे, रिश्ते में मधुरता आयेगी।



**धनु**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कामों पर रहेगा। कई तरह की जिम्मेदारी वाले काम आपके सामने रहेंगे। आज अचानक द्धद्ध कुछ खास काम करने की योजनाएं आपके दिमाग में आ सकती है। आज स्टूडेंट्स मैथ्स के विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है जिससे उन्हें काफी हेल्प मिलेगी। लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे।



**मकर**

आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी रुके हुये काम को पूरा करने में किस्मत का साथ मिलेगा। आज आपको अपने गुणऔर काम के वजह से सम्मानित किया जायेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है आज जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरा करने में सक्षम रहेंगे। घर और ऑफिस में शांति महसूस करेंगे। सेहत के मामले में सावधान रहें किसी भी समस्या को नजरंदाज न करें।



**कुंभ**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता दूसरो को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगा।बिजनेस में अचानक फायदा होगा और अधिकारियों का सहयोग मिलेगा आज आप ऑनलाइन कुछ आर्डर कर सकते है। वेब डिजाइनर्स के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।



**मीन**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग भी आपकी सहायता करने के लिये तत्पर रहेंगे। आज आपका मनोबल बढ़ा रहेगा जिससे आप अपने लक्ष्य को जल्द हासिल कर पाएंगे। नए कार्यों से लाभ मिलने में थोड़ा टाइम लग सकता है, लेकिन अच्छा लाभ मिलेगा। सेहत संबंधी परेशानियां आज खत्म हो जाएंगी।

# तुमड़ीबोड़ में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न : 1292 आवेदन मिले, मौके पर हुआ निपटारा





राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम तुमड़ीबोड़ क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत नाथूनवागांव, बोदेला, कोहका, ढाबा, ओड़ारबांध, जारवाही, बीजाभांठा, दीवानभेड़ी, पेण्डरवानी, मचानपार, धौराभांठा, बनभेड़ी, किरगी (ब), आरगांव, बांकल, खपरीकला, हरदी, कन्हारडबरी एवं तुमड़ीबोड़ सहित 19 ग्राम पंचायतों के लिए संयुक्त रूप से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजनों की समस्याओं के निराकरण के साथ विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में कुल 1292 आवेदन प्राप्त हुए। विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, वन, श्रम तथा पशुपालन सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई कर पोषण किट प्रदान की गई। अतिथियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम तुमड़ीबोड़, बीजाभांठा, धौराभांठा एवं कोहका के 25 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 4 स्वच्छताग्राही दीदियों को भी सम्मानित किया गया। सामाजिक सहायता पेंशन योजना के अंतर्गत 13 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबी सौंपते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 18 हितग्राहियों को राशन कार्ड तथा 3 हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज योजना के तहत सत्य कबीर स्वयं सहायता समूह कोहका, मां कर्मा समूह नाथूनवागांव एवं चंचल स्वयं सहायता समूह कोपेडीह को 4-4 लाख रूपए, मां गायत्री स्वयं सहायता समूह मचानपार को 1 लाख 50 हजार रूपए तथा किरण स्वयं सहायता समूह बांकल को 2 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही 5 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 कृषकों को मूंग बीज वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 गर्भवती माताओं की गोदभराई संस्कार संपन्न कराया गया तथा 3 बच्चों को सुपोषण किट प्रदान की गई। वहीं 3 दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल वितरित किए गए। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के 2 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आमजनों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए विभिन्न योजनाओं से जुड़कर शासन की सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

**सुशासन तिहार 2026 के तहत डोंगरगांव विकासखंड के 19 गांवों के लिए लगा संयुक्त शिविर, हितग्राहियों को मिलीं आवास की चाबियां, ट्राईसाइकिल और लाखों के चेक**

शिविर में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत राजनांदगांव की उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पडौती, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, सभापति सदस्य जनपद पंचायत श्रीमती जया साहू एवं श्रीमती ममता पटेल, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ की सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, जागेश्वर यादव, तिमेश साहू, यश पारख, वेदराम ताम्रकार, कमल साहू, रामकुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम श्रीकांत कोराम, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती रोशनी भगत टोप्पो, तहसीलदार कमलकिशोर साहू सहित 19 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### खाद्य तेल और किराना सामग्री की बढ़ती कीमतों के खिलाफ डोंगरगढ़ में कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन

**0 गोल बाजार में कांग्रेसियों ने व्यापारियों व आम जनता से किया जनसंवाद, केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को ठहराया जिम्मेदार**



डोंगरगढ़ (दावा)। देश में लगातार बढ़ रही खाद्य तेल, एलपीजी गैस और रोजमर्रा की किराना सामग्रियों की आसमान छूती कीमतों के विरोध में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय मोर्चा खोला गया। महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से कांग्रेसियों ने 18 मई 2026 को डोंगरगढ़ के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र गोल बाजार में पहुंचकर किराना एवं सोना-चांदी व्यापारियों से मुलाकात की और विरोध प्रदर्शन करते हुए एक व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने बाजार में आए ग्राहकों और स्थानीय दुकानदारों से सीधा संवाद किया। चर्चा के दौरान लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़कर रख दी है। रसोई का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, जिससे आम जनता का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है।

**सर्राफा और किराना बाजार में गहराया संकट**

संवाद के दौरान व्यापारियों ने बताया कि खाद्य सामग्रियों के दाम बढ़ने से जहां आम उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं सोना-चांदी की कीमतों में आई अप्रत्याशित तेजी और सरकार की नीतियों के कारण सर्राफा बाजार में भी ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है। इस वजह से व्यापार से जुड़े कर्मचारियों और कारीगरों के सामने आजीविका का संकट खड़ा होने लगा है। कांग्रेसियों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

**प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसी**

इस महत्वपूर्ण जन-जागरण और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से श्रीमती संध्या देशपांडे, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती किरण मेश्राम, श्रीमती निधि गजभिए, श्रीमती निशा निर्मलकर, श्रीमती रितु निर्मलकर, धीरज मेश्राम, शिव निषाद, संजीव गोमस्ता, शिशुपाल भारती, जितेंद्र भाटिया, रिम्मी भाटिया, प्रमोद टेम्बुर्निकर, रामजी तराने, एडविन हैदर, गणपत राज, दुलीचंद बडोले, संजय यादव, मतीन खान, नरेश करसे, संदीप सिंह, संजीव गुप्ता, दिनेश साखरे, संजय फुले, रमेश साखरे, रजत देशपांडे, दशरथ ठाकुर, जगतारण यादव, अमरीश टांडिया, अकील खान, कृष्णा निर्मलकर, सुमित खोबरागड़े, केशव टांडी और हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सौर सुजला योजना किसानों के लिए मददगार



**सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप लग जाने से अब खेत में पानी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध**

राजनांदगांव (दावा)। सौर सुजला योजना किसानों के लिए मददगार साबित हो रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान डोमार साहू ने अपने खेत में सिंचाई सुविधा के लिए क्रेडा विभाग की ओर से सोलर पंप की स्थापना की है। किसान डोमार सिंह ने बताया कि सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप लग जाने से अब खेत में पानी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। पहले दो फसल नहीं ले पा रहे थे और फसल की सिंचाई के लिए दिक्कत हो रही थी। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से इस योजना के तहत 2 लाख 73 हजार रूपए की सब्सिडी मिली है तथा 15 हजार रूपए की राशि देनी पड़ी। उनके पास पौने 3 एकड़ कृषि भूमि है और वे संयुक्त परिवार में रहते है। बिजली विभाग से पंप के लिए विद्युत लेने पर 9 से 10 विद्युत पोल लगते और खर्च होता। उन्होंने सोलर पंप की जानकारी मिलने पर क्रेडा विभाग से संपर्क कर अपने खेत में सोलर पंप लगवा लिया है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का लाभ लेते हुए सिंचाई की यह योजना वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली के माध्यम से पंप लगवाने के लिए कई दिनों से प्रयास कर रहे थे। सौर सुजला योजना से सोलर पंप लगवाने पर बचत हो रही है। अब उन्हें बिजली का बिल नहीं देना पड़ता। उन्होंने कहा कि अब वे सिंचाई के लिए बिजली के बिल से मुक्त हो गए हैं। सौर सुजला योजना अंतर्गत भू-जल का दोहन 8 घंटे तक होता है। वहीं बिजली से चलने वाले पंप से 24 घंटे भू-जल का दोहन होता है। इस योजना के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया।

## महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरी कांग्रेस : सोना-चांदी, पेट्रोल-डीजल और राशन के बढ़ते दामों पर छुरिया में जड़ा ताला

**कांग्रेसियों ने नगर भ्रमण कर सर्राफा और किराना दुकानों के सामने की नारेबाजी**



छुरिया (दावा)। देश और प्रदेश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री सहित सोना-चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। बढ़ती महंगाई से मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और आम जनता का जीना मुहाल होने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छुरिया में एक विशाल प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देश और खुज्जी विधायक भोलाराम साहू व पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर भ्रमण कर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बढ़े दाम तत्काल कम करने की मांग की गई।

**सर्राफा बाजार में अनोखा प्रदर्शन, व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद**

ब्लॉक कांग्रेस द्वारा पेट्रोल पंप, किराना और सोना-चांदी दुकानों के सामने तख्ती और बैनर लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेताओं ने दुकानों पर आए ग्राहकों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। जहां जनता का सरकार के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। सर्राफा व्यापारियों ने बताया कि देशभर में लगभग 3.5 करोड़ से अधिक लोग आभूषण कारीगरी, जौहरी, कर्मचारी एवं पॉलिश कार्य से जुड़े हैं। सोने के आसमान छूते दामों और सरकार के बयानों से बाजार में मांग अचानक ठप हो गई है।

जिससे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। शादी-विवाह के लिए आभूषण खरीदने पहुंचे परिवारों ने कहा कि पहले वे बेटी के भविष्य के लिए थोड़ी-थोड़ी बचत कर गहने बनवा लेते थे, लेकिन अब यह सपना दूर होता जा रहा है। महिलाओं ने भी घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ने पर गहरी चिंता जताई।

**रसोई गैस और ईंधन की कीमतों पर घेरा**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण हर जरूरी चीज आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बढ़ती कीमतों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित स्थानीय प्रदर्शन में खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, छुरिया नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, जिला महामंत्री राजकुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष रितेश जैन, पूर्व महामंत्री चुम्मन साहू मुख्य रूप से शामिल रहे। इसके साथ ही नगर पंचायत पार्षद सोनू खान, रोशन रजक, वसीम, मनोज यादव, प्रकाश शर्मा, कमलेश यादव, भीखम देवानंद, विजय साहू, महानंद, पितांबर साहू, शकील कुरेशी, रोहित वर्मा, धनेंद्र कोठारी, निलेश पाल, अश्विन सिन्हा, दिनेश मडावी, अजय कुमार, ललित कुमार, कन्हैया कोले, हेमलता बंजारे, कल्पना मांडवी, ईश्वरी मिरि और मनोज कुमार सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## पेट्रोल-डीजल व गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन




अंबागढ़ चौकी (दावा)। 20 मई को अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के पुराने अस्पताल के सामने कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने किया।

धरना-प्रदर्शन में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों के कारण लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष आकाश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा उदयराम साहू, बेनी प्रसाद साहू, मनीष साहू, झरनेश कुम्हार, गोपिचंदा देवगन, सक्तराम मालेकर, मनोहर लाल लाउत्रे, विकास लाउत्रे, भैयालाल यदु, विनोद साहू, विमल साहू, संतोष नेताम, रविहनरी साहू, योगेंद्र रामटेके, श्यामलता, भागवत राम अठलगढ़े, हुमन साहू, मनीष निर्मलकर, डेरहाराम मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनता की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की।

## डायल-112 (फेज-2 नेक्स्ट जेन) सेवा का जिले में शुभारंभ



**0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने डायल-112 फेज-2 सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**
**0 आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 04 नई आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन जिले को प्राप्त**

मोहला (दावा)। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित 04 नई आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी) प्रदान की गई हैं। डायल-112 वाहन (फेज-2 नेक्स्ट जेन) सेवा को आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि, डायल-112 राज्य शासन की एकीकृत एवं अत्याधुनिक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है, जिसके माध्यम से नागरिकों को पुलिस, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, प्राकृतिक आपदा सहायता, नेशनल हाईवे सहायता एवं रेल मदद जैसी सेवाएं एक ही नंबर '112' पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। नई ईआरवी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, मोबाइल डाटा टर्मिनल (एमडीटी), जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली, लोकेशन बेस्ड सर्विस (एलबीएस) एवं इमरजेंसी लोकेशन सर्विस (ईएलएस) जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे किसी भी आपातकालीन घटना की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, जनप्रतिनिधि दिलीप वर्मा, मदन साहू, रमेश हिडामे, अनिल गुप्ता सहित अधिकारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि, डायल-112 सेवा के माध्यम से आमजन को चौबीसों घंटे त्वरित सहायता उपलब्ध कराना शासन एवं पुलिस विभाग की प्राथमिकता है। जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी दुर्घटना, अपराध, आगजनी, चिकित्सा आपातकाल अथवा अन्य संकट की स्थिति में तत्काल डायल-112 पर संपर्क करें एवं इस महत्वपूर्ण सेवा का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

## भोलेनाथ सेवा समिति वनांचल अं.चौकी ने लगाया धोखाधड़ी व डराने-धमकाने का आरोप



अंबागढ़ चौकी (दावा)। भोलेनाथ सेवा समिति वनांचल अं.चौकी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि ग्राम अं.चौकी में शिव महापुराण कथा आयोजन कराने के नाम पर कथित रूप से फर्जी तरीके से रकम ली गई थी। समिति के अनुसार कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम आयोजन के लिए दिनेश साहू द्वारा समिति से लगभग इक्कीस लाख रुपए लिए गए थे। इस मामले में समिति द्वारा पूर्व में थाना छुरिया जिला राजनांदगांव में आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया जा चुका है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मई को रकम वापस करने के बहाने दिनेश साहू निवासी हालेकोसा छूरिया द्वारा समिति अध्यक्ष दीपचंद रजक, उपाध्यक्ष अर्जुन मानिकपुरी एवं अन्य सदस्यों को कुर्मदा बुलाया गया था।

समिति का आरोप है कि आशीष घीया उर्फ मिक्की घीया अपनी लाल रंग की एमजी हेक्टर कार क्रमांक सीजी08-5500 में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को लेकर गया और बाकी सदस्यों को बाद में आने की बात कही। कुछ समय बाद दोनों पदाधिकारियों के मोबाइल बंद हो गए। जिससे समिति के अन्य सदस्य घबरा गए और किसी अनहोनी की आशंका होने लगी। समिति के अनुसार आशीष घीया द्वारा पहले जगदीश नगर ले जाकर रकम देने की बात कही गई, लेकिन बाद में वाहन को वापस मोड़कर अछोली ले जाया गया। जहां पहले से दिनेश साहू एवं अन्य लोग मौजूद थे। समिति ने आरोप लगाया कि इस पूरी घटना से उनके पदाधिकारियों एवं सदस्यों में भय और दहशत का माहौल उत्पन्न हुआ तथा किसी बड़ी घटना की आशंका बनी रही।

भोलेनाथ सेवा समिति ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से समिति के सदस्यों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। समिति ने प्रशासन एवं पुलिस से मांग की है कि आशीष घीया उर्फ मिक्की घीया, दिनेश साहू एवं मामले में संलिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध तत्काल उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। समिति ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी।

## भीमपुरी में सीसी रोड व नाली निर्माण का भूमिपूजन, विकास कार्यों से ग्रामीणों में उत्साह



**0 मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने साधा कांग्रेस पर निशाना, बोले- चुनावी लाभ के लिए जिला बनाया, पर साय सरकार दे रही विकास का बजट**

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भीमपुरी में विकास कार्यों की नई सौगात मिली है। गांव में 3 लाख 49 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड और 1.50 लाख रुपए की लागत से होने वाले नाली निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता विकेश गुप्ता एवं जनपद पंचायत सदस्य हिमांचल सिंह राजपूत मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**कांग्रेस ने केवल जिला बनाया, बजट भाजपा सरकार ने दिया**

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भीमपुरी में निर्माण कार्यों की शुरुआत हुई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को केवल चुनावी लाभ लेने के लिए जिला घोषित कर दिया गया था, लेकिन विकास के लिए कोई बजट नहीं दिया गया। भाजपा सरकार के आते ही मुख्यमंत्री साय ने नए जिला अस्पताल, कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत भवन और नालंदा परिसर के निर्माण के लिए बजट पारित किया। जिससे अब ये सभी बड़े कार्य धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।

**महिलाओं से पूछा महतारी वंदन का हाल, जनपद अध्यक्ष ने की एक और सड़क की घोषणा**

कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह ने उपस्थित महिलाओं से सीधा संवाद कर महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस पर महिलाओं ने बेहद खुशी जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हर महीने उनके खाते में 1,000 रुपए की सहायता राशि भेजी जा रही है। जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक संबल मिला है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए गांव में 3.50 लाख रुपए की लागत से एक और अतिरिक्त सीसी रोड निर्माण कराने की बड़ी घोषणा की।

**धूप में गांव-गांव पहुंच रहे अधिकारी : विक्रांत सिंह**

विक्रांत सिंह ने वर्तमान में चल रहे सुशासन तिहार का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज सरकार की संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि जिले के आला अधिकारी इस तपती धूप और गर्मी में भी गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्या निवारण शिविर लगा रहे हैं और मौके पर ही जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, लेखा जीवन साहू, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, केशव चंदेल, विजय लाल गुप्ता, प्रेमसागर गुप्ता, उत्तम वर्मा, चैत राम वर्मा, गया वर्मा, सुखराम वर्मा, दीपक वर्मा, धीरज श्रीवास्तव, अमरलाल वर्मा, दीपलाल वर्मा, कृष्णा साहू सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्रावास संचालन हेतु निजी भवन स्वामियों से 29 मई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास (महेश नगर कौरिनभाठा) राजनांदगांव के संचालन हेतु सुविधायुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। इच्छुक निजी भवन स्वामी 29 मई तक कार्यालयीन समयावधि में जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट) के कक्ष क्रमांक 66 में विभागीय उप अभियंता से संपर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# पहला कॉलम...

## सरकार का नया प्लान, पेट्रोल में अब 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने की तैयारी

नई दिल्ली। देश में पेट्रोल की बढ़ती खपत और विदेशी कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्र सरकार अब एथेनॉल ब्लेंडिंग को नई ऊंचाई तक ले जाने की तैयारी में जुट गई है। मौजूदा ई20 योजना के बाद अब सरकार ई22, ई25, ई27 और ई30 फ्यूल मॉडल पर तेजी से काम कर रही है। यानी आने वाले समय में पेट्रोल में 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने का रास्ता तैयार किया जा रहा है।

सरकार के इस कदम को भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक सप्लाई संकट ने भारत को वैकल्पिक ईंधन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया है। ऐसे में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को भविष्य के बड़े समाधान के तौर पर देखा जा रहा है।18 मई को जारी अधिसूचना में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने नए एथेनॉल ब्लेंड फ्यूल के लिए तकनीकी मानक तय कर दिए हैं। ये नियम 15 मई 2026 से लागू हो चुके हैं। फिलहाल देशभर में श्व20 फ्यूल लागू किया जा रहा है, जिसमें पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है, लेकिन अब सरकार इससे आगे की तैयारी में जुट गई है। नई गाइडलाइन में ऐसे इंजन और वाहनों के लिए विशेष तकनीकी मानदंड तय किए गए हैं, जो अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन पर चलेंगे।

## शेयर बाजार ; सेंसेक्स 75,000 के नीचे

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों से भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लाल निशान में खुला। सुबह 9.24 पर सेंसेक्स 541 अंक या 0.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,726 और निफ्टी 155 अंक या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,462 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार में गिरावट का नेतृत्व रियल्टी और बैंकिंग शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी और निफ्टी पीएसयू बैंक लूजर्स थे। निफ्टी ऑटो, निफ्टी पीएसई, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी कमोडिटीज लाल निशान में थे। दूसरी तरफ निफ्टी फार्मा, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी आईटी हरे निशान में थे। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 285 अंक या 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,736 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 126 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,738 पर था।

सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा गेनर्स थे। टाटा स्टील, बीईएल, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल,एसबीआई, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, एशियन पेंट्स, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक लूजर्स थे।

## किन्शासा कांगो में इबोला का प्रकोप 131 लोगों की मौत की पुष्टि

किन्शासा। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ द कांगो में चल रहे इबोला के प्रकोप में कम से कम 131 मौतें और 513 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर काम्बा ने कहा कि इन आंकड़ों में संदिग्ध मामले भी शामिल हैं, और यह पुष्टि करने के लिए जांच चल रही है कि इनमें से कितने मामले सीधे तौर पर इस बीमारी से जुड़े हैं।

इस प्रकोप की पुष्टि सबसे पहले पिछले शुक्रवार को हुई थी, जिसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रकोप इबोला के एक दुर्लभ बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण फैला है, जिसका फिलहाल कोई भी स्वीकृत इलाज या टीका उपलब्ध नहीं है।

बूनिया, गोमा, मोंगबवालू, बुटेम्बो और न्याकुंडे सहित कई इलाकों में इस बीमारी के मामले सामने आए हैं। WHO ने इस प्रकोप के तेजी से फैलने और इसकी गंभीरता पर चिंता व्यक्त की है। WHO के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने कहा कि उनकी संस्था (एजेंसी) स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है, और उसने इस प्रकोप को रोकने तथा इससे निपटने के उपायों पर सुझाव देने के लिए एक आपातकालीन समिति का गठन किया है।

## कैलिफोर्निया में भड़की 'सैंडी फायर', 17 हजार से ज्यादा लोगों को घर छोड़ने का आदेश

लॉस एंजिल्स । दक्षिणी कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में लगी तेज और हवा से भड़कती 'सैंडी फायर' पर काबू पाने के लिए 750 से ज्यादा फायरफाइटर जुटे हुए हैं। इस आग की वजह से 17,000 से अधिक लोगों को इलाका खाली करने के आदेश दिए गए हैं। सैंडी फायर सोमवार सुबह सिमी वैली में सैंडी एवेन्यू और रूडोल्फ ड्राइव के पास शुरू हुई। यह जगह लॉस एंजेलिस से करीब 48 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में है। सिमी वैली पुलिस विभाग के मुताबिक, सुबह करीब दस बजे एक व्यक्ति खेत/जमीन साफ करने के दौरान ट्रैक्टर चला रहा था। तभी ट्रैक्टर से एक पत्थर टकराया, जिससे चिंगारी निकली और आसपास की सूखी झाड़ियों में आग लग गई। मंगलवार सुबह तक यह करीब 1,385 एकड़ (लगभग 5.6 वर्ग किलोमीटर) इलाके में फैल चुकी थी, जबकि सिर्फ पांच प्रतिशत आग पर ही काबू पाया जा सका था। फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी टीमों ने आसपास की रिहायशी कॉलोनियों को बचाने के लिए जमीन और हवा दोनों तरफ से बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया।

# भारत-नीदरलैंड के रिश्तों की एक अहम पहचान खेल भी है, यूरोपीय दौरे पर पीएम मोदी ने ओलंपिक की मेजबानी पर भी की बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी चार यूरोपीय दौरों पर हैं, जिसमें 16 मई को उन्होंने नीदरलैंड पहुंचने के बाद वहां पर उन्होंने जब भारतीय समुदाय को संबोधित किया तो इस दौरान पीएम मोदी ने ओलंपिक गेम्स की मेजबानी करने को लेकर और क्रिकेट को लेकर भी बात की। नीदरलैंड में पीएम मोदी वहां के राजा विलियम और क्वीन मैक्सिमा से भी मुलाकात करेंगे। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां पर काफी गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसके बाद उन्होंने हेग में भारतीय प्रवासियों से एक छोटी मुलाकात करने के साथ उनको संबोधित भी किया, जिसमें पीएम मोदी ने खेल को लेकर भी बात की।



### भारत-नीदरलैंड के रिश्तों की एक अहम पहचान खेल भी है

भारतीय प्रवासियों के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नीदरलैंड के रिश्तों को लेकर कहा कि इसकी एक अहम पहचान खेल भी है, जिसको लेकर काफी कम बात की जाती है। दोनों ही देश का खेल के क्षेत्र में काफी लंबे समय से एक-दूसरे के साथ रिश्ता है और लगातार काफी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड क्रिकेट टीम का उदाहरण दिया जिसमें हाल में इस साल की शुरुआत में हुए टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कई भारतीय मूल के खिलाड़ी भी शामिल थे। पीएम मोदी ने आर्यन दत्त जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि जब भारतीय मूल के खिलाड़ी डच टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह हम सभी के लिए गर्व की बात होती है।

### ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भी पीएम मोदी ने कही बात

ओलंपिक गेम्स की मेजबानी को लेकर देश की तरफ से प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत बड़ी आकांक्षाओं से भरा है और निकट भविष्य में वह ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहेगा और वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का भी बड़ा सपना देखेगा। वहीं पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच खेलों के रिश्तों को लेकर अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत की हॉकी को बेहतर बनाने में नीदरलैंड के कोचों का अहम योगदान रहा है। इस दौरान उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के अच्छे प्रदर्शन में कोच सजोर्ड मारिजने की भूमिका की भी प्रशंसा की।

# फ्रेंच ओपन के बाद विंबलडन से भी हटे कार्लोस अल्कारेज

नई दिल्ली। दो बार के विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने 19 मई को सोशल मीडिया के जरिए एक बड़ा ऐलान किया। स्पेन के इस दिग्गज खिलाड़ी ने बताया कि कलाई की चोट के कारण उन्होंने अगले महीने होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अल्कारेज को पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिनी कलाई में चोट लगी थी। वह इस हफ्ते के अंत में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से भी अपना नाम पहले ही वापस ले चुके हैं। पिछले कुछ सालों में कार्लोस ने टेनिस की दुनिया में कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।



अल्कारेज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अभी भी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। स्पेन के इस खिलाड़ी ने विंबलडन और लंदन के क्वींस क्लब में होने वाले वार्मअप टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर कहा कि ये दोनों टूर्नामेंट मेरे लिए बेहद खास हैं और आने वाले दिनों में मुझे इनकी कमी बहुत खलेगी। अल्कारेज ने साल 2026 की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की थी। वह टेनिस की दुनिया में चारों प्रमुख खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में लगातार दो बार ग्रास-कोर्ट ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। उन्होंने दोनों फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था।

# डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में फिर से बदलाव पाकिस्तान अंक तालिका में नीचे गई

नई दिल्ली। डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में फिर से बदलाव हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपना दूसरा मुकाबला भी बांग्लादेश से हार गई है। बांग्लादेश ने उसे मैच के पांचवें दिन सुबह ही पीट दिया।



इससे पाकिस्तानी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल और और नीचे चली गई है, वहीं बांग्लादेश को फायदा मिलते हुए दिखाई दे रहा है। भारत को भी हल्का सा नुकसान हुआ है। काफी लंबे समय के बाद अंक तालिका में इतना बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। बांग्लादेश बनाम पाकिस्तान टेस्ट सीरीज खत्म हो गई है। बांग्लादेश ने दूसरे मैच में 78 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया है। पहला मैच भी बांग्लादेश जीता था। अब पाकिस्तानी टीम अंक तालिका में और भी नीचे चली गई है। पाकिस्तान का पीसीटी अब महज 8.33 का रहा गया है। टीम ने चार मैच खेले हैं, इसमें से उसे केवल एक में जीत मिली है और तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है। टीम अब सीधे आठवें नंबर पर पहुंच चुकी है। केवल वेस्टइंडीज की टीम ही उससे नीचे है।

इस बीच बात अगर बांग्लादेश की बात की जाए तो उसने लंबी छलांग मारी है। बांग्लादेश टीम इंडिया को पीछे कर सीधे पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है। बांग्लादेश ने अब तक चार टेस्ट खेलकर दो जीते हैं, एक मैच में उन्हें हार मिली है और एक ड्रॉ पर समाप्त हुआ है। टीम का पीसीटी 58.33 का हो गया है। टीम इंडिया की बात करें तो वह छठे स्थान पर है। टीम का पीसीटी 48.15 का है। सीरीज का इसी के साथ समापन हो गया है।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया का पहले नंबर की कुर्सी पर कब्जा बरकरार है। उसने आठ मैच खेले हैं और उसका पीसीटी 87.50 का है। न्यूजीलैंड की टीम 77.78 के पीसीटी के साथ दूसरे नंबर पर है। टॉप दो टीमों के बीच अगले साल यानी 2027 में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जो टीम जीतेगी, वो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की विजेता कही जाएगी।

# पाकिस्तानी कप्तान ने शर्मनाक क्लब में इंजमाम उल हक को पछाड़ा, नजमुल हुसैन शांतो ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी में बांग्लादेश क्रिकेट नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सिलहट टेस्ट में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश ने 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली और इसी के साथ इतिहास भी रच दिया। दूसरी ओर पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद के लिए यह हार किसी बुरे सपने से कम नहीं रही, क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के सबसे असफल कप्तानों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 77 रन से हराकर सीरीज में क्लीन स्वीप पूरा किया। चौथी पारी में 436 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तान टीम पांचवें दिन 358 रन पर ढेर हो गई। इसके साथ ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ घर में पहली बार टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया। इससे पहले 2024 में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसकी सरजमीं पर 2-0 से हराया था।



बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े हीरो तैजुल इस्लाम रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट झटककर पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। आखिरी दिन पाकिस्तान को उम्मीद मोहम्मद रिजवान और साजिद खान की जोड़ी से थी। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े, लेकिन तैजुल ने साजिद खान को आउट कर मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद शोरिफुल इस्लाम ने रिजवान को पवेलियन भेजा और पाकिस्तान की पारी 358 रन पर समाप्त हो गई। इस ऐतिहासिक जीत के साथ नजमुल हुसैन शांतो बांग्लादेश के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन गए हैं। उन्होंने 18 टेस्ट मैचों में आठवीं जीत दर्ज की और पूर्व कप्तान मुशफिकुर रहीम का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 34 मैचों में सात जीत हासिल की थीं।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज से दो खिलाड़ी फखर जमां और सैम अयूब हुए बाहर



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस वक्त परेशान है। अब से कुछ देर पहले खबर आई कि बांग्लादेश के दौरे पर गई पाकिस्तानी टीम बुरी तरह से हार गई है। टीम को दोनों टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा और उसका सूपड़ा साफ हो गया। इससे उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भयंकर नुकसान हुआ है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भी पाकिस्तानी टीम सामने आई है। इस सीरीज से टीम के दो बड़े और अहम खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। ये टीम के लिए चिंता का विषय है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलने जा रही है। इस सीरीज के लिए टीम के ऐलान की तैयारी है। इसका पहला मैच 30 मई को होगा। इससे पहले पता चला है कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां और सैम अयूब इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। वे इस टीम का हिस्सा नहीं होंगे। पता चला है कि ये दोनों प्लेयर्स अपनी चोटों से उबर रहे हैं। प्लेयर्स को रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम अभी आगे भी जारी रखने के लिए कहा गया है। ये दोनों प्लेयर्स साल 2026 के आईसीसी टी20 विश्व कप में नजर आए थे, इसके बाद से पाकिस्तानी टीम से बाहर चल रहे हैं। देखना होगा कि उनकी वापसी कब तक होगी।

आने वाली सीरीज अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिहाज से अहम है। साल 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में विश्व कप होना है, इसके लिए टीमों की तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। दोनों टीमों की कोशिश होगी कि अपने स्ट्रेंथ चेक की जाए। सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इसकी कमान मिचेल मार्श के हाथ में होगी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं है। ऐसे में युवा और नए प्लेयर्स के लिए मौका बनेगा।

# इस बार नेपाल के खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा, आईसीसी वनडे रैंकिंग में हुआ बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। आईसीसी रैंकिंग सामने आ चुकी है। पिछले सप्ताह ज्यादा वनडे मुकाबले नहीं हुए। खास तौर पर बड़ी टीमों ने मुकाबले नहीं खेले। इसका फायदा नीचे की टीमों के प्लेयर्स ने उठाया है। इस वक्त मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 के मैच खेले जा रहे हैं। इसमें नेपाल के प्लेयर्स ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी रैंकिंग और रेटिंग में सुधार किया है। हालांकि टॉप 10 में कोई भी बदलाव नहीं है, जो खिलाड़ी पहले जहां था, वहीं पर बना हुआ है।



नेपाल क्रिकेट टीम और उसे खिलाड़ी इस वक्त जबरदस्त खेल दिखा रहे हैं। जैसा कि हमने आपको पहले ही बताया कि इस वक्त आईसीसी की ओर से क्रिकेट विश्व कप लीग 2 के मैच हो रहे हैं। इसमें नेपाल की टीम ने लगातार दो मैचों में यूएसए और स्कॉटलैंड की अच्छी मानी जाने वाली टीमों को हराने में कामयाबी हासिल की है।

टीम के तगड़े ऑलराउंडर्स में शुमार दीपेंद्र सिंह ऐरी ने यूएसए के खिलाफ चार विकेट चटका दिए। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला है। इस बार उन्हें तीन स्थानों का फायदा हुआ है। वे अब 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हालां?कि वे अभी काफी नीचे हैं, लेकिन ये वनडे की रैंकिंग है, जिसमें बहुत बड़े बड़े प्लेयर और टीमें खेलती हैं। इतना ही नहीं टीम के टॉप स्पिनर संदीप लामिछाने को भी इस बार रैंकिंग में 8 स्थानों का फायदा हुआ है। ललित राजवंशी को 18 स्थानों का उछाल मिला है।

स्कॉटलैंड के स्टार बल्लेबाज ब्रैंडन मैकमुलेन को भी फायदा मिलता हुआ नजर आ रहा है। नेपाल के खिलाफ उनके बल्ले से 73 रनों की पारी आई थी। हालांकि वे टीम को जीत नहीं दिला पाए। बल्लेबाजों की रैंकिंग में उन्होंने छह स्थानों की छलांग लगाई है, वे अब 53वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**4 साल में 7वीं बार मिले पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पिछले चार सालों के भीतर कुल 7 बार द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मुलाकात की है। इस निरंतर संवाद ने भारत और इटली के द्विपक्षीय रिश्तों को अभूतपूर्व मजबूती दी है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत और इटली की यह बढ़ती नजदीकी सिर्फ दो देशों के आपसी रिश्तों की कहानी नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक राजनीति का एक बड़ा और मजबूत संकेत भी है। एक तरफ भारत यूरोपीय महाद्वीप में अपनी रणनीतिक पकड़ को और अधिक मजबूत करना चाहता है, तो वहीं दूसरी तरफ इटली भी एशिया की इस सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिक महाशक्ति के साथ अपने जुड़ाव को नई दिशा देने के लिए बेहद उत्सुक है।

0 आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और एआई तकनीक पर बड़ी साझेदारी

द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने सुरक्षा और तकनीकी मोर्चे पर भी कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। नवंबर 2025 में जोहान्सबर्ग में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने इंडिया-इटली जॉइंट इनिशिएटिव टू काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म लॉन्च किया था, जिसके तहत हाल ही में दिल्ली में हुए हाई-प्रोफाइल आतंकी हमले के बाद मेलोनी ने भारत के साथ खुलकर एकजुटता दिखाई। दोनों देशों ने आतंकियों को मिलने वाली अवैध फंडिंग और क्रॉस-बॉर्डर वित्तीय नेटवर्क को रोकने के लिए संदिग्ध ट्रांजैक्शन पर संयुक्त निगरानी बढ़ाने पर सहमति जताई है। इसके अलावा, भविष्य की तकनीक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर भी एक बड़ा समझौता हुआ है, जिसमें इटली के एल्गोर-एथिक्स मॉडल के साथ भारत की ह्यूमन सेंट्रिक एआई सोच को समाहित करने का प्रयास किया गया है।

**अमेरिकी संसद में....**

वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है।

**रायबरेली में राहुल गांधी का....**

अमेरिका को सौंप दिया है। राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने बेहद आक्रामक रुख अपना लिया है। बीजेपी ने राहुल गांधी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का अपमान किया है। बीजेपी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की भाषा पाकिस्तान जैसी है और उनके विचार शहरी नक्सलियों से मिलते हैं। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी परिवारवाद की राजनीति की देन हैं और बार-बार मिलने वाली हार की वजह से उनकी ऐसी मानसिकता बन गई है। इस पूरे विवाद पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। नितिन नबीन ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और यह चुनाव में बार-बार मिली हार की हताशा को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा, सम्मान और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुई है। नितिन नबीन ने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या देश से नक्सलवाद को खत्म करना, देश की सीमाओं की रक्षा करना और दुनिया भर में तिरंगे का मान बढ़ाना गद्दारी है? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब भी राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान किया है, देश की जनता ने हर बार चुनाव में पीएम मोदी को और बड़ी जीत दिलाकर इसका करारा जवाब दिया है।

**नीट क्लीन की तैयारी: फर्जी टेलीग्राम....**

और एनटीए को सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने की सलाह दी, ताकि परीक्षा को लेकर फैलायी जाने वाली गलत जानकारी पर तेजी से रोक लगाई जा सके। गौरतलब है कि नीट-यूजी पेपर लीक के बाद उठे सवालों के बीच एनटीए में डा राधाकृष्णन कमेटी की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए जहां चार वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती दी गई है, इनमें दो अधिकारी संयुक्त सचिव और दो निदेशक स्तर के है। चीफ टेक्नीकल ऑफिसर (सीटीओ), चीफ फाइनेंस ऑफिसर व जनरल मैनेजर- एचआर जैसे पदों पर भर्ती के लिए 31 मई तक आवेदन भी मांगे हैं।

**छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन दवा के....**

छोटे व्यापारियों और स्थानीय बाजार के संरक्षण का विषय है। वहीं, डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कृपलानी ने भी कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय मेडिकल स्टोर्स पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि बड़ी ऑनलाइन और विदेशी कंपनियां भारी छूट देकर स्थानीय व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनस्वास्थ्य और छोटे व्यापारियों दोनों को ध्यान में रखकर नीति बनाई जाए। इस स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अलर्ट पर है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि मरीजों को जरूरी दवाओं की कमी न हो। इसके लिए सरकारी जनऔषधि केंद्रों, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, सरकारी अस्पतालों और नर्सिंग होम के जरिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन ने केमिस्ट संगठनों से अपील की है कि हड़ताल के दौरान आवश्यक दवाओं की आपूर्ति प्रभावित न हो। साथ ही आम जनता से भी कहा गया है कि वे घबराकर अतिरिक्त दवाओं का भंडारण न करें, क्योंकि सरकारी और अन्य वैकल्पिक केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध हैं। यह हड़ताल ऑनलाइन फार्मेसी और स्थानीय मेडिकल स्टोर्स के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करती है, जिसका सीधा असर आम लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं पर देखने को मिल रहा है।

**शरद पवार ने की मोदी की....**

ने भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान को लेकर कड़ा रुख अपनाया था। पवार के मुताबिक इंदिरा गांधी ने साफ कहा था कि भारत के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शरद पवार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने हमेशा देशहित और भारत की वैश्विक छवि को प्राथमिकता दी। शरद पवार का यह बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्ष केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेर रहा है। ऐसे में सार्वजनिक मंच से पीएम मोदी की तारीफ ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। हालांकि पवार ने साफ कहा कि वैचारिक मतभेद अलग हो सकते हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर देश का सम्मान बढ़ाने वाले प्रयासों की सराहना होनी चाहिए।

**जिनका नाम सीएए में नहीं.....**

या मोइना में बम विस्फोट) की जांच केंद्र ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी, लेकिन कई मौकों पर NIA की टीम को स्थानीय सहयोग नहीं मिला था. कुछ मामलों में तो केंद्रीय जांच टीमों पर भीड़ द्वारा हमले (जैसे भूपतिनगर की घटना) भी हुए थे. इससे आतंकी मॉड्यूल और स्लीपर सेल्स के खिलाफ की जाने वाली त्वरित कार्रवाई में बाधा आई थी. इससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोखिम भी बढ़ता है.

# विजय कैबिनेट में शामिल होगी कांग्रेस, 59 साल बाद तमिलनाडु की सत्ता में बनेगी भागीदार



नई दिल्ली। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन भले ही कमजोर रहा हो मगर करीब छह दशक के लंबे अंतराल के बाद पार्टी राज्य में सत्ता की भागीदार बनने जा रही है। कांग्रेस के दो विधायक गुरूवार को मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेंगे।

विधानसभा चुनाव में पूर्व सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक संग गठबंधन में उतरी कांग्रेस ने बहुमत से पीछे रहे विजय के मुख्यमंत्री बनने की राह बनाने में अहम भूमिका निभाई। द्रविड राजनीति के वर्चस्व वाले तमिलनाडु में कांग्रेस के दो सदस्यों का मंत्री बनना इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि वस्तुतः छह दशक बाद कोई राष्ट्रीय पार्टी राज्य की सत्ता में भागीदारी बन रही है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राज्य में पार्टी के दो विधायकों के मंत्री बनने की जानकारी एक्स पोस्ट पर साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधायक एडवोकेट राजेश कुमार और पी. विश्वनाथन को तमिलनाडु कैबिनेट में शामिल करने की मंजूरी दे दी है और गुरूवार को दोनों मंत्री पद की शपथ लेंगे।

तमिलनाडु की सत्ता-सियासत में पार्टी के लिए यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि दो दशक तक द्रमुक संग गठबंधन में होने के बाद भी उसने कांग्रेस को कभी सत्ता में भागीदारी नहीं दी। वेणुगोपाल ने भी माना कि यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि 59 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस तमिलनाडु कैबिनेट में शामिल हो रही है।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से कल मेधावियों को मिलेगा 'विद्या विभूषण सम्मान 2026'



**छात्र युवा जन कल्याण संस्था और छात्र युवा मंच का गरिमामयी आयोजन, 10वीं-12वीं बोर्ड के उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए राजनांदगांव जिले में 22 मई को शाम 4 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव में एक भव्य समारोह का आयोजन होने जा रहा है। छात्र युवा जन कल्याण संस्था एवं छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा इस वर्ष 10वें 'विद्या विभूषण सम्मान 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस गौरवपूर्ण समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह पिछले 10 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। जो क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बन चुका है।

### प्रतिभाओं को निखारना और प्रेरित करना है मुख्य उद्देश्य

आयोजन समिति ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य उन छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को पहचानना और सम्मानित करना है। जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। मेधावियों के इस सम्मान से अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने और शिक्षा के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा मिलेगी।

### प्रेरणादायक संदेशों से सजेगा मंच

इस गरिमामयी अवसर पर बड़ी संख्या में जिले भर के विद्यार्थी, उनके गौरवान्वित अभिभावक, शिक्षकगण, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरणादायक संदेश भी दिए जाएंगे। आयोजन समिति ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके पालकों और शिक्षकगणों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस गौरवपूर्ण और भव्य समारोह का हिस्सा बनने की भावपूर्ण अपील की है।

# अवैध प्लाटिंग के बाद अवैध रिसार्टो को भी जमीनदोज करे प्रशासन- रूपेश दुबे



**बिना डायवर्शन, बिना अनुज्ञा निर्माण से अवैध व्यवसाय संचालित**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने मनगटा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन की कार्रवाई को विधि सम्मतत बताते हुए कहा कि जिले में अवैध कार्यों की बाढ़ आ गई है यहां तक की प्रत्येक ग्रामों में भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं और राजस्व विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहती है उसी तर्ज पर मनगटा जुराडबरी, जोड़तराई, क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ से अधिक रिशार्ट बने हुए हैं उन रिसोर्ट का ना तो डायवर्सन हुआ है और ना ही निर्माण की विधिवत अनुमति ली गई है और लगातार वहां शराबखोरी अय्याशी के मामले सामने आ रहे हैं पुलिसिया कार्यवाही भी हो रही है लेकिन अवैध निर्माण, डायवर्शन के बारे में कोई जांच पड़ताल नहीं होती है अब मनगटा क्षेत्र में प्रशासन सक्रिय हुई है तो ऐसी दशा में इस क्षेत्र के जितने भी रिसॉर्ट हैं उन रिसोर्ट की निर्माण एवं डायवर्सन की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करें और जिनके डायवर्सन नहीं हुए हैं निर्माण विधिवत अनुमति से नहीं है उन निर्माण कार्य निर्माण को बुलडोजर चलाकर जमीनदोज कर उनके संचालकों पर अपराध दर्ज करने की कार्यवाही आवश्यक है क्योंकि अवैध कार्यों में संलिप्तों को एक संदेश भी आवश्यक है। क्योंकि संस्कृति सभ्यता का क्षरन भी इस प्रकार के वातावरण से ही होता है।

# डॉ. पालेश्वर शर्मा छत्तीसगढ़ी गद्य सम्मान से विजय मिश्रा विभूषित



**समन्वय साहित्य परिवार का बृहद साहित्यकार सम्मेलन सम्पन्न**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ी भाषा के गद्य जगत के युग प्रवर्तक डॉ. पालेश्वर शर्मा की 98 वीं जयंती पर बृहद साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा के आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, अध्यक्ष डॉ. चित रंजन कर, रविशंकर विश्वविद्यालय के साहित्य भाषा अध्ययन शाला के पूर्व अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश मिश्रा, पाणिनीय शोध संस्थान की अध्यक्षा डॉ.पुष्पा दीक्षित, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेई, विदुषी लेखिका सरला शर्मा एवं प्रख्यात नवगीतकार डॉ.अजय पाठक शामिल हुए।

सम्मेलन में ऋषि-कृषि संस्कृति के उपासक, भाषाविद् कीर्तिशेष डॉ.पालेश्वर की स्मृति में पहला छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य सम्मान विजय मिश्रा ''अमित'' को दिया गया। उनकी पचास वर्षीय साहित्य साधना का मूल्यांकन करते हुए समन्वय साहित्य परिवार के प्रबुद्ध निर्णायक मंडल ने विजय मिश्रा का चयन किया। पुरस्कार के अंतर्गत सम्मान राशि 5001/ रुपए के साथ ही प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं शाल-श्रीफल से उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में डॉ. पालेश्वर शर्मा स्मृति समन्वय रत्न अलंकरण सरला शर्मा एवं शशि दुबे को तथा आत्मीय सारस्वत सम्मान राजेश चौहान को दिया गया।

सम्मेलन के आरंभ में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.देवधर महंत ने डॉ.पालेश्वर शर्मा के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। आगे मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कीर्तिशेष डॉ शर्मा को छत्तीसगढ़ी साहित्य-संस्कृति ध्वजवाहक-उपासक, छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य का युग प्रवर्तक बताया। उनकी रचनाओं को कालजयी और नवपीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक निरूपित किया। आभार प्रदर्शन संस्था के केंद्राध्यक्ष डॉ.गंगाधर पटेल ने किया। सम्मेलन में डॉ.शर्मा लिखित किताब छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं परंपरा, गुड्डी के गोठ, समन्वय वार्षिक पत्रिका, सरला शर्मा की किताब रात जगा पाखी उवॉच, डॉ. बरसाईत दास महंत रचित महाभारत काल में नारी तथा सम्पादक डॉ.देवधर महंत की किताब कीर्तिशेष डॉ.पालेश्वर का लोकार्पण विमोचन भी हुआ।

# पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 2026: आज प्रदेशभर में होगी परीक्षा, 33 जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्र

**रश्मि देवी महाविद्यालय खैरागढ़ को बनाया गया परीक्षा केंद्र, 228 परीक्षार्थी होंगे शामिल, सुबह 9:30 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश, समय का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य,**

**खैरागढ़ (दावा)। पी.पी.एचटी. प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन 21 मई 2026, गुरुवार को प्रदेश के सभी 33 परीक्षा जिलों में किया जाएगा। यह परीक्षा बी. फार्मेसी एवं डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जा रही है। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक निर्धारित किया गया है।**

परीक्षा संचालन को लेकर व्यापम द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं तथा सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने कहा गया है।। जिले में परीक्षा केंद्र के रूप में रश्मि देवी महाविद्यालय, खैरागढ़ को निर्धारित किया गया है, जहां 228 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।।

### एक दिन पहले परीक्षा केंद्र देखने की सलाह

परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण अवश्य कर लें, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से पहले केंद्र पहुंचना अनिवार्य किया गया है, जिससे पहचान सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

### 9:30 बजे के बाद बंद हो जाएगा प्रवेश द्वार

व्यापम द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुबह 9:30 बजे के बाद पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा सुबह 10:00 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 1:15 बजे समाप्त होगी।।

### हल्के रंग के कपड़े अनिवार्य, कई वस्तुओं पर प्रतिबंध

अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। काले, गहरे नीले, हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी और चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित रहेगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी तथा कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थियों को अनावश्यक आभूषण, जैकेट, भारी कपड़े अथवा प्रतिबंधित सामग्री साथ लाने से बचने कहा गया है, ताकि फ्रिस्किंग प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।।

### मूल पहचान पत्र साथ लाना होगा अनिवार्य

परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की पहचान फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के माध्यम से की जाएगी। बिना मूल पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षार्थी की फ्रिस्किंग के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

### मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों को केवल आवश्यक दस्तावेज एवं निर्धारित सामग्री ही साथ लाने की अनुमति होगी।।व्यापम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा नियमों का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

# डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 10 आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) नवा रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है।

चांपा संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 27 सीट तथा बरगढ़ संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 4 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 1 सीट पर प्रवेश दिया जाना है। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 16 जुलाई को 15 से 23 वर्ष के बीच एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 15 से 25 वर्ष होगी। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदक गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों के साथ 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा किसी भी वस्त्र विधा के व्यावसायिक विषय में 10+2 की परीक्षा के उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण के साथ 2 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए अथवा हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा के साथ 2 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए। आवेदक की आयु 16 जुलाई 2026 को 17 से 25 वर्ष के बीच तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 17 से 27 वर्ष होगी। आवेदन पत्र भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा के वेबसाईट https:// iihtchampa .org.in/ से डाऊनलोड किया जा सकता है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदन 10 जून 2026 शाम 5 बजे तक भरे हुए आवेदन पत्र स्वअभिप्रमाणित कर संस्थान के ई-मेल iihtchampacg @gmail. com पर भेज सकते है अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान मड़वा प्लांट रोड लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छत्तीसगढ़) 495669 मोबाईल नंबर-7049046588 को प्रस्तुत कर सकते है।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आमजन को उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के प्रति जागरूक करने तथा समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इसके तहत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित कर लोगों का उच्च रक्तचाप परीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उच्च रक्तचाप से होने वाली संभावित गंभीर बीमारियों, बचाव के उपाय, नियमित जांच, संतुलित आहार, व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कुल 6884 उच्चर क्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। जिसमें से 428 लोग उच्च रक्तचाप एवं 98 लोग मधुमेह से ग्रसित थे। जिनको नियमित दवाई लेने एवं आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया तथा नियमित दवा सेवन एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से उच्च रक्तचाप जैसी साइलेंट बीमारी को गंभीरता से लेते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु लगातार प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, स्टाफ नर्स, सीएचओ, एएनएम, मितानिन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोड़लवाही में आज सुशासन तिहार

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम गोड़लवाही में आज दिन गुरूवार को सुशासन तिहार का आयोजन किया गया जा रहा है जिसमें क्षेत्र के कुल 15 पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याओं को सुशासन तिहार में सुलझा सकते हैं। भाग लेने वाले पंचायतों के नाम इस तरह हैं - गोड़लवाही, मासुलकसा, राणामटिया, बड़गांव, बरबसपुर, करमरी, अरजकुंड, माहरूम, कलडबरी, गिदर्री, जोंधरा, गुण्डरदेही, मरकाकसा, जबानटोला आदि।

# आंगनबाड़ी पद पर दावा आपत्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण 1 अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पारीखुर्द क्रमांक 2 में कार्यकर्ता पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के निरीक्षण एवं परीक्षण के पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

# सेवाभाव और संकल्प की मिसाल, मिनपा स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय पहचान



सुकमा। जिले का मिनपा क्षेत्र कभी नक्सलवाद, घने जंगलों और कठिन रास्तों के कारण विकास से दूर माना जाता था। यहां स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना भी एक बड़ी चुनौती थी। एक समय ऐसा था जब एक छोटी सी झोपड़ी में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गई थीं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने हार नहीं मानी और गांव-गांव पहुंचकर लोगों का इलाज किया। लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के चलते मिनपा क्षेत्र में अब बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। वर्ष 2024 में यहां नया उप स्वास्थ्य केंद्र भवन तैयार किया गया, जिसमें आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रयोगशाला कक्ष और आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था की गई। आज यह उप स्वास्थ्य केंद्र मिनपा सहित दुलेड़, एलमागुंडा, भटपाड़, पोट्टेमडगू, टोंडामरका और गुंडराजपाड़ जैसे दूरस्थ गांवों के लगभग 3,593 ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी सुविधा बन चुका है।

इस सफलता की सबसे बड़ी खासियत स्वास्थ्य कर्मचारियों का समर्पण है। पोट्टेमडगू, दुलेड़, गुंडराजपाड़ और भाटपाड़ जैसे पहुंचविहीन गांवों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कठिन जंगल रास्तों से गुजरना पड़ता है। कई बार एक दिन में लौटना संभव नहीं हो पाता, तब कर्मचारी गांवों में रुककर च्नाईट कैंपज् लगाते हैं और रात में भी मरीजों का उपचार करते हैं। इसी मेहनत और सेवाभाव का परिणाम है कि आज मिनपा उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 15 से 20 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। हर महीने यहां लगभग 4 सुरक्षित प्रसव कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का संस्थागत प्रसव के प्रति भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

मिनपा स्वास्थ्य केंद्र की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली। 15 मई 2026 को इस केंद्र ने च्राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकज् (ह्क्त्रस्) कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उपलब्धि मितानिन, एएनएम, सीएचओ, सुपरवाइजर, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर और जिला प्रशासन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। एक छोटी झोपड़ी से शुरू हुआ यह सफर आज राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों तक पहुंच चुका है।

मिनपा की यह कहानी बताती है कि मजबूत संकल्प, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और कर्मचारियों की निष्ठा से सबसे दुर्गम क्षेत्रों में भी विकास की नई रोशनी पहुंचाई जा सकती है।

# सुशासन तिहार : स्वामित्व योजना से रूपचंद और देवलाल के वर्षो की मुराद हुई पूरी, ड्रोन सर्वे से मिला जमीन का मालिकाना हक





**अधिकार अभिलेख दस्तावेज मिलने से ग्रामीणों का बढ़ा आत्मविश्वास, अब मकान और अन्य कार्यों के लिए बैंकों से आसानी से मिल सकेगा ऋण**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार का दिन रूपचंद गोड़ एवं देवलाल ठेठवार के लिए खुशियों से भरा रहा। स्वामित्व योजना अंतर्गत जैसे उनकी वर्षों की मुराद अचानक पूरी हो गई है। उनके लिए सुशासन तिहार सुखद, आश्चर्यमिश्रित और चेहरे पर मुस्कान लाने वाला रहा। सुशासन तिहार अंतर्गत छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्राम साल्हे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम लालुटोला निवासी रूपचंद गोड़ एवं ग्राम ऊचांईपुर निवासी देवलाल ठेठवार को अधिकार अभिलेख प्राप्त हुआ। जिससे उन्हें अपनी जमीन का मालिकाना हक मिल गया।

सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की स्वामित्व योजना नए आयाम स्थापित कर रही है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करते हुए सर्वे और मैपिंग कर भू-स्वामी को अधिकारों का अभिलेख दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जीवन में इससे एक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

ग्राम लालुटोला निवासी रूपचंद गोड़ ने बताया कि उन्हें जिंदगी में पहली बार अधिकार अभिलेख मिला है। जिससे उनके परिवार में बहुत खुशी है। अधिकार अभिलेख के बन जाने से अब उन्हें बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त हो जाएगा। यह दस्तावेज एक प्रमाण के तौर पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में वे असुरक्षित महसूस कर रहे थे और अधिकार अभिलेख बन जाने से उनकी समस्या का समाधान हुआ है और आसानी से ऋण ले सकते हैं तथा वित्तीय सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले जमीन की खरीदी एवं अन्य कार्यों के लिए ऋण लेने में दिक्कत आ रही थी। ग्राम ऊचांईपुर निवासी देवलाल ठेठवार के लिए अधिकार अभिलेख मिलने से एक सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि अधिकार अभिलेख मिल जाने से अब उनके जीवन का तनाव दूर हो गया है और आत्मविश्वास बढ़ा है। पहले ऋण नहीं मिल पाता था और अब बैंक से अपना मकान बनाने के लिए वे ऋण ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में शिविर में आने से बहुत कार्य हो जाते हैं।

उन्होंने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां राजस्व प्रकरण अंतर्गत सीमांकन, नामांतरण, बटवारा जैसे विभिन्न आवेदनों का निराकरण हो रहा है और जनमानस की समस्याओं का समाधान मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने ड्रोन तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्र में भूमि खण्डों के सर्वेक्षण के लिए योजना लागू की गई है। स्वामित्व योजना में गांवों में बसे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में रहने वाले गांव के गृहस्वामियों को अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराया जा रहा है, जो उन्हें बैंकों से ऋण लेने और अन्य वित्तीय लाभों के लिए अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में सक्षम बनाएगा।

# पेन्ड्री वार्ड में सुशासन त्यौहार पर वार्ड विकास हेतु सौंपा गया मांग पत्र - वैष्णव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास के नेतृत्व में आज दिनांक 20 मई 2026 को वार्ड नं. 20 पेन्ड्री सुशासन त्यौहार पर वार्ड के विकास हेतु निम्न मांगे इस प्रकार है - डबरी एवं बांधा तालाब के सौंदर्यीकरण (पचरीकरण) एवं दोनो तालाब की सफाई करने। शीतला मंदिर की आहता निर्माण। मानस भवन का जीर्णोद्धार कर सार्वजनिक सामुदायिक मंगल भवन निर्माण करने।

बांधा तालाब रोड़ चौडीकरण सी.सी. करण नाली निर्माण करने। गौठान एवं मुक्तिधाम की आहता निर्माण एवं मुक्तिधाम की सौंदर्यीकरण। जी.ई. रोड एवं गौठान, प्राथमिक शाला, हाई स्कूल के पास हाई मास्क लाईट लगाने। अन्नपूर्णा खाद्यान्न (शासकीय) सामुदायिक भवन निर्माण। प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल मैदान समतलीकरण एवं सीसीकरण, शौचालय का निर्माण एवं मरम्मत करने। पट्टा से वंचित व्यक्तियों को शासकीय पट्टा प्रदान करने। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 एवं 02 की आहता निर्माण (शीट) एवं गेट लगाने। गार्डन का निर्माण तथा महिला भवन एवं महिला घाट निर्माण। चन्द्रदास खरे मोहल्ला में सीसीकरण एवं नाली निर्माण। गौठान के पास सांस्कृतिक कार्य हेतु खाली मैदान में डोम निर्माण। नव निर्मित हमर क्लिनिक अस्पताल को चालू करने, अटल आवास सिंगल ब्लाक में सड़क नाली, बिजली की व्यवस्था की मांगो को लेकर यू.के. रामटेके कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया एवं आयुक्त, महापौर को भी पत्र प्रेषित की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव एवं वार्ड विकास समिति दुर्गाराम साहू, परस लहरे, ईशाक खान, जन्मेजय यादव, प्रसादी साहू, रेवाराम साहू, मूलचंद खरे आदि उपस्थित थे।

# अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन का कड़ा प्रहार : ग्राम बघेरा और झुराडबरी में 150 एकड़ पर चला बुलडोजर

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिले में अवैध कॉलोनाइजरों एवं अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव गौतम पाटिल तथा तहसीलदार प्यारेलाल नाग के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम बघेरा एवं झुराडबरी में लगभग 150 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित भूमिस्वामियों को पूर्व में अवैध प्लाटिंग के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयावधि के बाद भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण एवं संरचनाओं को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से निर्मित बाउंड्रीवॉल, मुख्य प्रवेश द्वार (गेट), रिसॉर्ट, मैरिज हॉल, तार-जाली फेंसिंग तथा बनाई गई सड़कों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। साथ ही अवैध रूप से विकसित सड़कों को खोदकर भूमि को उसके मूल स्वरूप में लाया गया।

प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि क्षेत्र में आगे भी यदि किसी के द्वारा सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति अवैध प्लाटिंग या शासकीय भूमि पर अवैध



**बिना अनुमति बने रिसॉर्ट, मैरिज हॉल और बाउंड्रीवॉल जेसीबी से ध्वस्त, लापरवाही बरतने पर पटवारी और आरआई को कारण बताओ नोटिस जारी**

निर्माण किया जाता है तो उनके खिलाफ इसी तरह बिना किसी रियायत के सीधे बुलडोजर चलाने और कानूनी एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए न केवल भूमिस्वामियों पर कार्रवाई की है, बल्कि संबंधित हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण को बढ़ावा देने या समय पर इसकी जानकारी न देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

ग्राम बघेरा में पंकज जैन पिता अमृत लाल के स्वामित्व वाले खसरा नंबर 129/1, 137/1, 137/2, 130/1, 131/1, 147/1 एवं 157/1 पर निर्मित अवैध संरचनाओं को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। इसके अलावा रूक्मणी पति छेरकू के खसरा नंबर 565/1, नेहा महाजन पिता अंकुश महाजन के खसरा नंबर 570/1, प्रमोद चौधरी पिता रामायण चौधरी के खसरा नंबर 569/1, शालिनी साहू पति मुरलीधर साहू के खसरा नंबर 386/1 तथा हिमांशु कुमार पिता रामइकबाल ठाकुर के खसरा नंबर 628/1 में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार ग्राम झुराडबरी (सुरडबरी) में सीमा मौर्य पति राजनाथ मौर्य के खसरा नंबर 713/2, नेहा महाजन पिता अंकुश महाजन के खसरा नंबर 722/2, राघवेन्द्र सिंह पिता हंसध्वज के खसरा नंबर 648/3 तथा चंद्रशेखर पिता मंगनूराम के खसरा नंबर 648/9 एवं 648/10 में अवैध प्लाटिंग एवं कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार सुश्री सुरेखा वर्मा, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम कोटवार उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने कहा कि बिना सक्षम अनुमति के अवैध प्लाटिंग, अवैध कॉलोनी निर्माण अथवा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सोयाबीन उत्पादन में भारी गिरावट से पोल्ट्री और डेयरी उद्योग संकट में, जीएम सोया मील आयात की मांग



**राजनांदगांव (दावा)।** देश के पोल्ट्री, डेयरी और एक्वा (मत्स्य पालन) उद्योग पर इनपुट लागत बढ़ने के कारण एक गंभीर संकट मंडराने लगा है। ऑल इंडिया पोल्ट्री ब्रीडर एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर अली ने इस संबंध में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को एक विस्तृत मांग पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर अली ने सरकार से जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) सोया मील के आयात की अनुमति देने और एक स्थायी मूल्य स्थिरीकरण तंत्र लागू करने का अनुरोध किया है।

### सरकारी आंकड़ों और जमीनी हकीकत में 30 प्रतिशत का अंतर

एसोसिएशन के अनुसार पत्र सूचना कार्यालय द्वारा 10 मार्च को जारी सरकारी अनुमानों में वर्ष 2025-26 के लिए सोयाबीन उत्पादन 127 लाख मीट्रिक टन दर्शाया गया है। जो कि पिछले वर्ष के 151 एलएमटी की तुलना में पहले से ही 17 प्रतिशत कम है। हालांकि जमीनी स्तर पर वास्तविक उत्पादन केवल 85 एलएमटी के आसपास ही प्रतीत हो रहा है। यह सरकारी अनुमानों से लगभग 30 प्रतिशत कम है। जिसके कारण पशु आहार (फीड) के मुख्य प्रोटीन स्त्रोत 'सोया मील' की देश में भारी किल्लत हो गई है।

### 77 रुपये प्रति किलो तक पहुंचे दाम, उपभोक्ता भी प्रभावित

मांग पत्र में बताया गया है कि देश भर की फीड फैक्ट्रियों तक पहुंचने वाला 50 प्रतिशत हाई-प्रो सोया मील अब 77 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। कीमतों में रोजाना हो रही इस बढ़ोतरी से डेयरी, पोल्ट्री और मछली पालन करने वाले किसान भारी घाटे और घबराहट में हैं। फीड उद्योग के लिए भी इस लागत को वहन करना नामुमकिन हो गया है। जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है और बाजार में दूध, चिकन, अंडे तथा मछली के दाम बढ़ रहे हैं।

### एसोसिएशन ने मंत्रालय के समक्ष रखीं 3 प्रमुख मांगें

तत्काल आयात कोटा स्वीकृत हो: अगस्त 2021 के स्वीकृत कोटे में से बचे हुए 5.5 लाख टन के आयात की तुरंत अनुमति दी जाए। इसके साथ ही अक्टूबर में नई फसल आने तक संकट को थामने के लिए 15 एलएमटी जीएम सोया मील के अतिरिक्त आयात की मंजूरी दी जाए। उत्पादक और उपभोक्ता दोनों किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक ऐसा तंत्र बने, जिसके तहत जब भी सोयाबीन का बाजार मूल्य एमएसपी से 25प्रशित अधिक या 6,660 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर जाए, तो जीएम सोया मील का आयात स्वतः शुरू हो जाए। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में वेयरहाउसों पर कड़ाई से स्टॉक लिमिट लागू हो और स्टॉकिस्टों के लिए दैनिक/साप्ताहिक रिपोर्ट देना अनिवार्य किया जाए, ताकि कृत्रिम मूल्य वृद्धि को रोका जा सके। बहादुर अली ने कहा कि इन कदमों को उठाने से न केवल देश का पशुधन और फीड उद्योग बचेगा। बल्कि आयात शुल्कों के माध्यम से भारत सरकार को भी लगभग 450 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। जबकि देश के किसानों को उनकी फसल का एमएसपी से 25-30 प्रतिशत अधिक दाम मिलता रहेगा।

# आज दिग्विजय स्टेडियम समिति का पदभार ग्रहण समारोह, डॉ. रमन सिंह दिलायेंगे शपथ

**खेल जगत से जुड़े रमेश पटेल सचिव और योगेश बागड़ी बने सहसचिव, स्टेडियम में शुरू हुए नए खेलों के ग्रीष्मकालीन शिविर का भी अतिथि करेंगे अवलोकन**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ते हुए आज संध्या 4 बजे दिग्विजय स्टेडियम परिसर में एक भव्य पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामयी समारोह क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद संतोष पांडे की अध्यक्षता में संपन्न होगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से खेल संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा दिग्विजय स्टेडियम के बेहतर प्रबंधन के लिए खेल जगत से जुड़े चेहरों को जिम्मेदारी देने की मांग की जा रही थी। इसी मांग पर संज्ञान लेते हुए विगत दिनों समिति में खेल विधाओं से गहराई से जुड़े रमेश पटेल को सचिव एवं योगेश बागड़ी को सहसचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। आज अतिथियों द्वारा इन दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत पदभार ग्रहण कराया जाएगा। पदभार ग्रहण समारोह के साथ ही मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे स्टेडियम में सुचारू रूप से प्रारंभ की गई नई खेल सुविधाओं का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही परिसर में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा। समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में इस वर्ष स्टेडियम में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मार्शल आर्ट और क्रिकेट के पारंपरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ पहली बार 10 मई से बिलियर्ड्स, स्नूकर पूल टेबल, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे इनडोर खेलों का भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है।



### दो चरणों में जुट रहे खिलाड़ी और अभिभावक

स्टेडियम में खेलों का स्तर सुधारने और बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए यह शिविर सुबह और शाम दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इन खेलों को लेकर शहर के बच्चों और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में अभिभावक स्वयं उपस्थित रहकर अपने बच्चों को उनके मनपसंद खेलों का प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। दिग्विजय स्टेडियम समिति के प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज होने वाले इस भव्य आयोजन में जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी, विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यगण, खेल प्रेमी और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# आज राजनांदगांव जिले में आयोजित होगी पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा, बनाए गए 3 केंद्र

**सुबह 9.30 बजे बंद हो जाएंगे परीक्षा केंद्रों के गेट, देरी पर नहीं मिलेगा प्रवेश, मोबाइल और गैजेट्स पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में आज व्यापम द्वारा पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 1.15 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों के गेट सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापम द्वारा जारी पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देश यथावत लागू रहेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र के साथ मान्य पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, बैग, घड़ी सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। प्रवेश प्रक्रिया, दस्तावेजों के सत्यापन एवं बैठने की व्यवस्था पूर्व परीक्षाओं की भांति सुव्यवस्थित तरीके से की जाएगी। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक दल एवं एफएसटी टीम द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं अनुशासनपूर्वक संपन्न हो सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा व्यापम के सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें, ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com